

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 31 जुलाई 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -42 ■ अंक-123 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 01 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## बस्तर के कायाकल्प को लेकर पीएम से मिले सीएम साय

### यूरिया प्लांट, ऑल इंडिया आयुर्वेद संस्थान और 461 गांवों में स्थायी बिजली के लिए सहयोग का आग्रह

**नई दिल्ली,31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बस्तर के समग्र विकास का रोडमैप प्रधानमंत्री के सामने रखा और राज्य की कई प्रमुख परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से तीन प्रमुख विषयों पर विशेष सहयोग मांगा। पहला, राजनांदगांव में प्रस्तावित 10,500 करोड़ रुपये की गैस आधारित यूरिया परियोजना को शीघ्र मंजूरी दी जाए। उन्होंने बताया कि इसके लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है और राज्य सरकार की सभी आवश्यक स्वीकृतियां भी पूरी हो चुकी हैं। परियोजना शुरू होने से किसानों को बड़ी सुविधा मिलेगी और औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

दूसरा, जिन 461 गांवों में पहले सुरक्षा कारणों से बिजली का ग्रिड नहीं पहुंच पाया था और जहां फिलहाल ऑफ-ग्रिड बिजली व्यवस्था है, उन्हें स्थायी ग्रिड से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहायता देने का आग्रह किया गया। तीसरा, मुख्यमंत्री ने रायपुर अथवा बस्तर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (AIIA) की स्थापना के प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को 'बस्तर विजन' की जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर अब तेज़ी से बदल रहा है। 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्तर मुहिम' के माध्यम से बस्तर संभाग के 5,542 गांवों में सरकारी योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे लगभग 39 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब राशन, आयुष्मान भारत, जनधन, वनाधिकार और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलावों की जानकारी देते हुए बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़े 421 स्कूलों को दोबारा शुरू किया गया है। साथ ही दंतेवाड़ा की तर्ज पर ओरछा और जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही है, ताकि दूरदराज के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके

स्वास्थ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत अब तक 34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जगदलपुर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तथा गीदम में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं और राज्य में नए मेडिकल कॉलेजों एवं स्वास्थ्य



अधोसंरचना का भी विस्तार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बस्तर को कभी नक्सल हिंसा के लिए जाना जाता था, वहां अब सड़क, रेल, बिजली और हवाई संपर्क तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 3,513 करोड़ रुपये की लागत से जगदलपुर-रावघाट रेललाइन का निर्माण कार्य जारी है। साथ ही जगदलपुर से नियमित हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। उन्होंने रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के अंतिम चरण और इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज परियोजना की भी जानकारी दी, जिससे लगभग 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने बस्तर की संस्कृति और पर्यटन की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बस्तर दशहरा को वैश्विक पर्यटन ब्रांड बनाने की दिशा में काम चल रहा है। साथ ही चित्रकोट और तीरथगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक में 4 लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी ने क्षेत्र में शांति, विश्वास और सकारात्मक माहौल को मजबूत किया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में तेजी से बढ़ रहे निवेश की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू होने के बाद राज्य को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार एआई डेटा सेंटर पार्क, सेमीकंडक्टर प्लांट, हाइपरस्केल डेटा सेंटर, ग्लोबल बीपीओ, गारमेंट और चॉकलेट मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा इंट्राऑक्यूलर लेंस निर्माण जैसे नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से शहजाद पूनावाला का इस्तीफा

**नई दिल्ली,31 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रखर राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है. सूत्रों के मुताबिक उन्होंने निजी कारणों से यह कदम उठाया है. अपने तार्किक बयानों से टीवी डिबेट्स में बीजेपी का पक्ष मजबूती से रखने वाले शहजाद के इस फैसले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है.मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शहजाद पूनावाला ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा भेज दिया है. यद्यपि इस्तीफे की सटीक वजह का औपचारिक खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से सक्रिय राजनीति से हटने का निर्णय लिया है. उम्मीद है कि जल्द ही वह अपना आधिकारिक बयान जारी करेंगे.इस्तीफे की चर्चाओं के बीच शहजाद ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X के बायो से बीजेपी का जिक्र हटा दिया है. हालांकि, उन्होंने बायो में खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आजीवन समर्थक बताया है. टीवी और सोशल मीडिया पर हमेशा पीएम मोदी की नीतियों का बचाव करने वाले शहजाद का यह कदम बेहद चर्चा में है.

### प्रदेश अध्यक्ष के लिए उमेश पटेल का समर्थन करने पर कांग्रेस नेता को नोटिस

**रायपुर,31 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस नेता अरुण मालाकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ नेता उमेश पटेल के समर्थन में एक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट में उन्होंने वरिष्ठ नेता उमेश पटेल के नेतृत्व का समर्थन करते हुए उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की थी। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई, जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है नोटिस में अरुण मालाकार से तीन दिन के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संगठन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि में जवाब नहीं देने या जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### महाराष्ट्र में भरभरा कर ढह गई 'कोहिनूर', 9 की मौत

**मुंबई,31 जुलाई।** मुंबई के पास भिवंडी इलाके में गुरुवार रात बड़ा हादसा हो गया. यहाँ 'कोहिनूर' नाम की एक 4 मंजिला रिहायशी इमारत अचानक भरभरा कर ढह गई. इमारत गिरते ही पूरे इलाके में धूल का गुबार उठा और चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई. मौके पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम, भिवंडी पुलिस के जवान, दमकल विभाग की गाड़ियां और नगरपालिका के अधिकारी मौजूद हैं. राहत-बचाव का कार्य कर रही एनडीआरएफ ने बताया कि हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि मलबे के नीचे कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है. पोकलेन मशीनों और आधुनिक उपकरणों की मदद से मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि फंसे हुए लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकाला जा सके. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने खुलासा किया कि पिछले कुछ दिनों से इस पुरानी इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था.



## संसद परिसर में विपक्ष का अनोखा प्रदर्शन

**पुजारी बने पप्पू यादव; राहुल गांधी ने चढ़ाया चंदा, फिर दानपात्र लेकर भागे सांसद**

**नई दिल्ली,31 जुलाई।** संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति को लेकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। संसद परिसर में आयोजित इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन में बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में नजर आए। उनके सामने दानपात्र रखा था, जबकि विपक्षी सांसद "अमित शाह संसद से गायब क्यों?" लिखे पोस्टर लेकर खड़े थे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी वहां पहुंचे और उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से दानपात्र में चंदा डाला। इसके बाद पुजारी की भूमिका निभा रहे पप्पू यादव दानपात्र उठाकर वहां से निकल गए। यह पूरा घटनाक्रम संसद परिसर में मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। विपक्ष का कहना है कि यह प्रदर्शन गृह मंत्री अमित शाह की संसद में कथित अनुपस्थिति और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाब नहीं देने के विरोध में किया गया। वहीं, इस अनोखे प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर समर्थक और विरोधी दोनों तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### संसद परिसर में सिर पर दानपात्र लिए खड़े रहे अयोध्या सांसद

**लखनऊ,31 जुलाई।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे को लेकर अखिलेश यादव लगातार भाजपा पर हमलावर हैं. गुरुवार को सपा सांसदों ने संसद के बाहर चंदा चोरी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन भी किया. जिसका वीडियो अखिलेश यादव ने एक्स पर साझा किया है. वीडियो में अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद दिखाई दे रहे हैं. जो अपने सिर पर एक दानपात्र रखे हुए हैं. उनके साथ सपा के कई सांसद भी दिख रहे हैं. वीडियो में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी दानपात्र में पैसे डालते दिख रहे हैं.

#### नुक्कड़ नाटक पर भड़के संत

राम मंदिर चढ़ावा मुद्दे पर संसद में साधु वेश में प्रदर्शन करने वाले पप्पू यादव पर हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास भड़क गए। उन्होंने इसे संत समाज और सनातन का अपमान बताया। राजू दास ने राहुल गांधी और सपा नेताओं की भी तीखी आलोचना करते हुए उनके खिलाफ सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोपों को साधु-संतों से जोड़ना उचित नहीं है। महंत राजू दास ने राहुल गांधी, पप्पू यादव और समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं की भी आलोचना की।

## मोदी के एआई मॉर्फ्ड वीडियो मामले में मेटा के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली,31 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से मॉर्फ्ड वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास समेत कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक की मदद से वीडियो में छेड़छाड़ कर भ्रामक सामग्री साझा की गई, जिससे लोगों को गुमराह करने की कोशिश हुई।




जांच एजेंसियों का मानना है कि ऐसे मॉर्फ्ड वीडियो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी अधिनियम) के प्रावधानों का उल्लंघन कर सकते हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इन वीडियो को किसने तैयार किया, किन लोगों ने इन्हें सोशल मीडिया पर फैलाया और प्लेटफॉर्म पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्था इन्हें रोकने में कितनी प्रभावी रही। जांच के दौरान उन उपयोगकर्ताओं की भूमिका भी खंगाली जा रही है, जिन्होंने कथित तौर पर इन वीडियो को बनाया या साझा किया।

इस मामले में कुछ दिन पहले ही हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मेटा के प्रतिनिधियों को नोटिस जारी कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित धोखाधड़ी, फर्जी विज्ञापनों और मॉर्फ्ड सामग्री को हटाने की प्रक्रिया पर जवाब मांगा था। रिपोर्टों के मुताबिक मेटा ने जांच एजेंसियों को अपनी सामग्री मॉडरेशन नीति और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच अभी शुरुआती चरण में है और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी भी आरोपी को दोषी घोषित नहीं किया गया है।

## बाइक डिवाइडर से टकराई,दो युवकों के पेट में घुसी पाइप

**बिलासपुर,31 जुलाई।** सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानन पेंडारी के पास गुरवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित



होकर सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी, कि रेलिंग का सरिया युवक के पेट में जा घुसा. वहीं दूसरे युवक के पेट से लोहे का पाइप पार हो गया. हादसे में अब्राहम और प्रियांशु की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है, जबकि तीसरे युवक को सामान्य चोटें आई हैं. तीनों युवक मुंगेली जिले के पेंड्रीडीह, जरहागांव निवासी बताए जा रहे हैं.जानकारी के अनुसार तीनों युवक अपने गांव से बिलासपुर किसी दोस्त को लेने आए थे. यहां पहुंचने पर पता चला कि उनका मित्र पहले ही वापस जा चुका है. इसके बाद बाइक से तीनों अपने गांव लौट रहे थे. इसी दौरान कानन पेंडारी के आसपास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा भिड़ी और भीषण हादसा हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना का दृश्य बेहद भयावह था. टक्कर के बाद रेलिंग का लोहे का सरिया और पाईप दो युवकों के पेट में घुस गया. अब्राहम के पेट में सरिया फंसा रह गया, जबकि प्रियांशु के पेट में घुसा सरिया प्रारंभिक उपचार के दौरान सिम्स अस्पताल में निकाला गया. तीसरे युवक को हल्की चोटें आई हैं और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है. हादसे के बाद मौके से गुजर रहे एक राहगीर ने घायलों के मोबाइल फोन से उनके परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी. साथ ही तत्काल डायल-112 और पुलिस को भी सूचना दी गई. सकरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने लोगो की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल सिम्स अस्पताल पहुंचाया.

सिम्स में प्राथमिक उपचार के दौरान दोनों गंभीर घायलों की हालत चिंताजनक देखते हुए परिजनों ने पहले ही अब्राहम को और बाद में प्रियांशु को रात 3 बजे के आसपास बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का उपचार जारी है.

## सेंट्रल जेल में कैदी की मौत का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

### डीजीपी और गृह सचिव को किया तलब, हाईकोर्ट के 1 लाख रुपये मुआवजे को बताया अपर्याप्त

**बिलासपुर,31जुलाई।** बिलासपुर के सेंट्रल जेल में हुई मौत का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी और गृह सचिव को तलब किया है। प्रदेश के दोनों आला अफसर 4 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वर्चुअली मौजूद रहेंगे और सरकार का पक्ष रखेंगे। बता दें कि बिलासपुर सेंट्रल जेल में 34 वर्षीय श्रवण सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देश पर मृतक के परिजनों को दिए गए 1 लाख रुपये के मुआवजे को सुप्रीम कोर्ट ने अपर्याप्त माना है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि हिरासत में मौत के मामले में एफआईआर दर्ज करने और आपराधिक जांच के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। मृतक की पत्नी लहरा बाई ताम्रकार और उनकी दो नाबालिग बेटियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका (SLP) पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी और गृह सचिव को 4 अगस्त 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।दरअसल, 18 जनवरी 2024 को बिलासपुर जिले की सीपत पुलिस ने श्रवण सूर्यवंशी को आबकारी एक्ट के तहत 6 लीटर कच्ची महुआ शराब के मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे केंद्रीय जेल बिलासपुर भेज दिया गया।

**फीफा विश्वकप (पुरुष) 2026**
**सफल आयोजन की सच्चाई**

## ठोस कार्ययोजना के उचित क्रियान्वयन से मिली कामयाबी

**आलेख ... जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ .ग .**

खेल स्पर्धाओं के आयोजन को शाबासी तब दी जाती है जब पूरे टूर्नामेंट के दौरान आवास, परिवहन, भोजन और मुकाबला सब कुछ व्यवस्थित अनुशासित ढंग से संपन्न होता है। पुरुषों की फीफा विश्वकप 2026 के आयोजन का जिम्मा जब इतिहास में पहली बार उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के तीन देशों संयुक्त राज्य अमेरिका,कनाडा व मैक्सिको को सौंपी गई तो आयोजनकर्ताओं पर बड़ी चुनौती आ गई। बहुखेल प्रतियोगिता में सबसे प्रमुख आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल है। इसमें 200 से अधिक देश भाग लेते हैं तथा अब 31 कोर गेम्स के अलावा अधिकतम चार और खेलों को शामिल करने की स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद दे सकती है। इसी तरह राष्ट्रमंडल खेलों में 70 से अधिक देश इसके अलावा महाद्वीपीय चैंपियनशिप में एशिया, यूरोप, अफ्रीका के 50-50 से अधिक देशों के खिलाड़ी भाग लेते हैं। इन स्पर्धाओं में आम तौर पर 30 से अधिक खेलों के करीब 320 इवेंट होते हैं। जिसमें खिलाड़ियों की संख्या 8 हजार से 12 हजार तक हो सकती है। उपरोक्त बहुखेल टूर्नामेंट में निर्णायकों, विभिन्न देशों के खेल संगठनों के प्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों, अतिथियों आदि को मिलाकर लगभग 20 हजार विशिष्टजनों के ठहरने, खान-पान, आने जाने आदि की व्यवस्था आयोजन समिति को करना होता है। बहुखेल चैंपियनशिप और फीफा विश्वकप 2026 के आयोजन में विशेष अंतर यह था कि आम तौर पर बहुखेल स्पर्धा किसी एक देश में होती है जबकि फुटबाल विश्वकप तीन देशों में हुआ। उसमें मान्यता प्राप्त 206 में से 48 टीम ने मुख्य प्रतियोगिता हेतु योग्यता हासिल किया . आयोजक 16 शहरों के आयोजन स्थल में संयुक्त राज्य अमेरिका के 11 कनाडा के 02 तथा मैक्सिको के 03 शहर में मैच खेले गये। तीन अलग-अलग जगह पर मुकाबले होने के कारण खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, प्रशिक्षक दल के सदस्यों, निर्णायकों , खेल संघ के पदाधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों, आदि अतिथियों को इस देश से उस देश, उस देश से इस देश तक फिर एक स्टेडियम से दूसरे स्टेडियम तक लाना ले जाना पड़ता था । इस प्रकार पहले चक्र के देशों के खिलाड़ियों व टीम से जुड़े हुए सदस्यों की पूरी व्यवस्था, तत्पश्चात आरंभिक चरण,बाद ने राउंड ऑफ 32,16,

क्वार्टरफायनल,सेमीफायनल और फायनल तक टीम के आवागमन, संचार और देशों के हिसाब से भोजन व्यवस्था करना एवरेस्ट फतह कर लेने से कम नहीं था। विश्वकप 2026 की समाप्ति के बाद व्यवस्था के संबंध में अब तक किसी तरह की गंभीर शिकायत फुटबाल के विश्व स्तर पर सुचारु रूप से संचालन के लिए जिम्मेदार संस्था फीफा को नहीं की गई है। सचमुच आयोजनकर्ताओं के लिए यह एक सुखद और सपने को पूरा होने जैसी खबर है।इसके अलावा पूरे जगत में कही भी 50 से अधिक देशों की होने वाली प्रतियोगिता के आयोजनकर्ताओं के लिए सीखने, जानने, समझने लायक उदाहरण है। फीफा विश्वकप 2026 की सफलता के पीछे की जानकारी गत दिनों फीफा द्वारा सार्वजनिक की गई है। 48 देशों के 1248 खिलाड़ियों की देखरेख और स्टेडियम में सभी 104 मैच को देखने वाले 68 लाख दर्शकों को व्यवस्थित ढंग से स्टेडियम में उनकी जगह तक पहुंचाना, टिकट में अंकित नम्बर के अनुसार सही स्थान पर बैठाना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी . पूर्व निर्णय और कई बार अभ्यास के अनुसार प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए पूरे नार्थ अमेरिका महाद्वीप के 645 चुने हुए अधिकारिक स्थानों में करीब तीन लाख स्वीकृत व्यक्तियों ने खुले मन से उच्च स्तरीय सहयोग प्रदान किया। 39 दिनों तक चले 104 मैच वाले इस चैंपियनशिप के लिए फीफा के 2500 व्यक्तियों का कार्यबल,दुनिया भर से चुने और प्रशिक्षित 43000 स्वयं सेवक, 73700 स्वीकृत व्यक्तियों के सुरक्षा दल की मदद ली गई। तीन देशों के 16 शहर में 48 बैस कैंप बनाये गये थे।

इसके अलावा सभी स्टेडियम विश्व स्तरीय तैयार किए गये थे जिसमें सर्व सुविधा के साथ अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था सम्मिलित थी। सीधे प्रसारण के लिए डलास शहर में मीडिया सिटी बनाई गई थी। प्रोडक्शन के लिए 5000 कैमरा लगाये गये थे। इस तरह स्पष्ट है कि किसी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन को पूर्णतः सफल बनाने के लिए समय पूर्व कार्य योजना बनाई गई। जिसकी तैयारी अभूतपूर्व ढंग से की गई इसी वजह से फीफा का यह आयोजन बिना किसी व्यवधान के पूर्ण हुआ।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से वनांचल ग्राम छिंदपुर में बनी पक्की सड़क , ग्रामीणों की राह आसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,31 जुलाई।** कभी बरसात के मौसम में घुटनों तक कीचड़ से होकर आवागमन करने सुदूर वनांचल छिंदपुर गांव की तस्वीर अब बदल चुकी है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत मेन रोड बांटीपथरा से छिंदपुर तक पक्की सड़क के निर्माण ने ग्रामीणों के जीवन में नई सुविधाओं का रास्ता खोल दिया है। वर्षों से आवागमन की कठिनाइयों का सामना कर रहे ग्रामीण अब हर मौसम में सुरक्षित और सुगम यात्रा कर पा रहे हैं। वनांचल गांव के लिए यह सड़क केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि विकास की शुरुआत बन गई है। सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल गतिविधियों और दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यक सेवाओं तक पहुंच पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गई है।

पहले बांटीपथरा से छिंदपुर तक केवल कच्चा मार्ग था। बारिश शुरू होते ही पूरा रास्ता कीचड़ से भर जाता था। कई स्थानों पर घुटनों तक कीचड़ होने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री सहित अन्य कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत इस मार्ग का पक्की सड़क में रूपांतरण होने से अब गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से हर मौसम में बना रहता है। इससे ग्रामीणों का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। सड़क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, कृषि कार्यों, बाजार और शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने लगा है।

ग्राम छिंदपुर के निवासी श्री बैसाखु ने बताया कि पहले मेन रोड बांटीपथरा से गांव तक पहुंचना कठिन था। बरसात में घुटनों तक कीचड़ होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती थी। अब पक्की सड़क बनने से आवागमन पूरी तरह आसान हो गया है। गांव तक वाहन भी आसानी से पहुंचने लगे हैं और दैनिक जीवन में काफी सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनी यह सड़क अब बरसात का मौसम भी विकास की राह में बाधा नहीं बनता।

पीएमजीएसवाई विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत सुदूर और विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य किए जा रहे हैं। बांटीपथरा से छिंदपुर तक 1.5 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इस सड़क से ग्रामीणों को वर्षभर आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

### खिलाड़ियों के सपनों को भी मिला नया रास्ता

ग्राम कुसियारी निवासी युवा क्रिकेट खिलाड़ी देवचंद ने बताया कि पहले क्रिकेट खेलने के लिए कच्चे रास्ते पर बरसात के दिनों में चलना रहता था और बार क्रिकेट खेलने के लिए समय पर पहुंचना संभव नहीं हो पाता था। उन्होंने कहा कि अब पक्की सड़क बनने के बाद खेल मैदान तक पहुंचना आसान हो गया है। इससे गांव के युवाओं को नियमित अभ्यास करने का अवसर मिल रहा है। सड़क ने केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को भी नई गति दी है।

### 49 लाख की ठगी

**भिलाई,31 जुलाई।** रेंज साइबर थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त सेल के जीएम को शेयर ट्रेडिंग में दोगुना लाभ का झांसा देकर साइबर ठग ने 49 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है शिकायत पर रेंज साइबर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है रेंज साइबर थाना पुलिस ने बताया कि नेहरु निवासी दुर्गापुर सेल से सेवानिवृत्त जीएम ने शिकायत दर्ज कराई उनके फेसबुक आईडी में शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने एक विज्ञापन आया उस विज्ञापन को क्लीक कर डिटेल देखा चैट के दौरान एक व्यक्ति ने वाट्सएप पर चर्चा की चेटिंग कर जीएम को शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर दोगुना लाभ का झांसा दिया। जीएम भी उसके झांसे में आ गए। ठग ने एक एप्लीकेशन को डाउनलोड कराया। फिर निवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि जीएम ने पहले 1.5 लाख रुपए निवेश किया इस के बाद लगातार ठग द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने लगे डेढ़ महीने में किस्तों में 49 लाख रुपए का निवेश कर डाले इस के बाद ठग ने पूरा एप्लीकेशन को डिलिट कर गायब हो गया।

## एक नजर

### रेलवे टिकटों की कालाबाजारी पर कार्रवाई,आरोपी गिरफ्तार




**दुर्ग, 31 जुलाई (तछसं.)।** दुर्ग रेलवे टिकटों की कालाबाजारी पर कार्रवाई करते हुए दुर्ग आरपीएफ ने रेलवे आरक्षण काउंटर से टिकट दलाल शकील खान को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से दो आरक्षित काउंटर टिकट, रेलवे आरक्षण फॉर्म तथा टिकट बुकिंग से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं उसके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है दुर्ग आरपीएफ टीआई संजीव सिन्हा ने बताया कि महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ बिलासपुर और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर के निर्देश पर टिकट दलालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत आरक्षण केंद्र की निगरानी के दौरान वार्ड-10 शंकर नगर निवासी शकील खान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिला। जांच में उसके पास से दो आरक्षित टिकट और रेलवे फॉर्म बरामद हुए मोबाइल की तलाशी लेने पर वाट्सऐप में ग्राहकों के टिकट बुकिंग संबंधी संदेश और टिकटों की प्रतियां भी मिलीं प्रति टिकट 200 से 500 रुपए तक वसूलता था कमीशन पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जरूरतमंद यात्रियों के लिए सामान्य और तत्काल टिकट काउंटर से बनवाकर प्रति टिकट 200 से 500 रुपए अतिरिक्त वसूलता था पुलिस ने उसके कब्जे से दो लाइव टिकट भी जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 2,990 रुपए है इन टिकटों को ब्लॉक कराने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रायपुर को पत्र भेजा गया है ।

### चाकू दिखाकर धमका रहा आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग, 31 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई मचांदूर चौकी क्षेत्र के स्थित ग्राम बोरीगारगा में चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि आरोपी जितेंद्र साहू अपने हाथ में धारदार चाकू लहराकर दीप किरण साहू एवं अन्य लोगों को डरा धमका रहा था इस से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी जितेंद्र साहू ( 26 साल ) पिता गजेंद्र साहू निवासी ग्राम मतरोड़ीह को पकड़ा उसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया है आरोपी पूर्व रंजिश की बात को लेकर गांव में आकर चाकू दिखाकर डरा धमका रहा था ।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में बारना स्कूल से भावेश और विनय का चयन

**अंवरी, 31 जुलाई ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना के दो छात्रों का चयन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है कक्षा 11वी के छात्र भावेश कुमार का अंडर 17 में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 18 से 21 अगस्त तक गौरेला पेंड्रा मरवाही में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।

# नगर पंचायत उतई के एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 31 जुलाई।** मंगल भवन, नगर पंचायत उतई में नगर पंचायत उतई के नामनिर्दिष्ट पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए और सभी नवनियुक्त एल्डरमेन चंदू देवांगन, शशिकांत वर्मा, चेतन लाल साहू जी को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सभी नवनियुक्त एल्डरमेन जनसेवा के भाव, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए नगर के विकास, स्वच्छता, सुशासन एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार के नेतृत्व में नगरों के समग्र विकास एवं जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हम सभी मिलकर उतई को और अधिक विकसित, स्वच्छ एवं समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन में हर वार्ड तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, महामंत्री एवं एल्डरमेन चंदू देवांगन, महामंत्री प्रवीण यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, पार्षद सोनू राजपूत, भीमसेन सिन्हा, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू, खूबीराम साहू, शिव ठाकुर, लता सोनवानी, अनिता नीलम गढ़े, विजय लक्ष्मी, संगीता रजक, सुनीता चंद्राकर, रमसिला नेताम, विमला कामडे एकता चंद्राकर रंजना चंद्राकर , बूथ अध्यक्ष रामप्रवेश साहू, एसडीएम महेश राजपूत, तहसीलदार वसुमित्र दीवान, सीएमओ आशा जंघेल, सोसायटी अध्यक्ष उतई फत्तेलाल वर्मा, फलेन्द्र सिंह राजपूत एवं देवतुल्य कार्यकर्तागण नगर वासी उपस्थित रहे।





### उप-स्वास्थ्य केंद्र सांकरा में संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

**उतई, 31 जुलाई।** ग्राम सांकरा स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत सांकरा के युवा सरपंच रवि सिंगौर सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं मितानिन बहनें उपस्थित रहीं।बैठक को संबोधित करते हुए सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि वर्तमान मौसम को देखते हुए गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं बेहतर बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने मितानिनों से घर-घर जाकर लोगों को मौसमी बीमारियों, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, मलेरिया, डेंगू तथा अन्य संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति में बुखार, सर्दी-खांसी या अन्य गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर उचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने की अपील की।बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा ग्रामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी ने समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# बीरा जी के अंगना में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 31 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा का पर्व पतंजलि योग समिति द्वारा बीरा जी के अंगना कोहका में श्रद्धा, उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शुभारंभ शत्रुघ्न साहू, थानेन्द्र साहू एवं राजेश तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह की माताजी श्रीमती कुलवंत कौर रहीं। उन्होंने सभी अतिथियों, योग शिक्षकों एवं साधकों का बीरा जी के आंगन में पधारने पर आभार व्यक्त करते हुए योग को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति, जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल ने योगगुरु स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज द्वारा राष्ट्र, समाज और मानव कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने योग, स्वदेशी, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए सभी से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उपस्थित सदस्यों ने गुरु वंदना करते हुए तन, मन और धन से समाज एवं राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में हर्षिता साहू एवं नवीश साहू ने भजन एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में योग एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग शिक्षकों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में श्रीमती विमला राय, श्रीमती कावेरी चौधरी, श्रीमती अनामिका पुरी, श्रीमती यशोदा साहू, रामचंद्र वर्मा, कामराज पटले, संजय टावरी, राम लखन शर्मा, बी.एल. कहार, रामाधार महिलांग, आर.आर. खन्ना, डी.पी. शर्मा तथा प्रभुनाथ पांडे शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जयंत विष्णु भारती, राज्य प्रभारी ने प्रेरणादायी भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शंभू कुशवाहा, जे.आर. बीसेन, तिजऊ राम साहू, श्रीनिवास राव, उद्धव राम साहू, श्रीमती सुमन भारती, श्रीमती सुधा सोनी सहित कार्यकर्ता भावेश साहू, चौरसिया, राजेंद्र वैष्णव, उमेश साहू, मुरलीधर साहू, परस राम साहू, कुलेश्वर निषाद, साधना साहू तथा कान्हा पार्क एवं बीरा जी के आंगन के योग साधकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।



### देहदान कर स्वर्गीय हठारु राम बने मानवता के प्रेरणास्रोत

**भिलाई, 31 जुलाई।** ग्राम गनौद जिला रायपुर निवासी स्वर्गीय हठारु राम कोसरिया ने अपनी अंतिम इच्छा के अनुरूप देहदान कर इसी महान विचार को साकार करते हुए समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्वर्गीय श्री हठारु राम कोसरिया ने अप्रैल 2024 में सर्वधर्म सेवा संस्था के माध्यम से स्वेच्छा से देहदान का संकल्प लिया था। उनके निधन के पश्चात उनके परिजनों ने संवेदनशीलता, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान किया तथा उनका पार्थिव शरीर डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज, रायपुर को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के उद्देश्य से समर्पित किया। इस अवसर पर राजेंद्र बंजारे, गणेश राम कोसले, महेश राम कोसले, अमन कोसले सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बीएसपी ने तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में रचा नया कीर्तिमान



**भिलाई, 31 जुलाई।** बीएसपी ने परिचालन उत्कृष्टता एवं तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए टॉरपीडो लैडल कार (टीएलसी)-207 में 2,534 हीट्स की रिकॉर्ड लाइफ हासिल की है। यह उपलब्धि भिलाई इस्पात संयंत्र के इतिहास में किसी भी टॉरपीडो लैडल द्वारा प्राप्त अब तक की सर्वाधिक लाइफ है। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार, महाप्रबंधक सुशांत कुमार घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा, मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, आरईडी एवं ब्लास्ट फर्नेस की टीम तथा संयंत्र के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, तकनीकी दक्षता और टीम भावना ही ऐसी उल्लेखनीय सफलताओं की आधारशिला है।यह उपलब्धि भिलाई इस्पात संयंत्र की तकनीकी क्षमता, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता तथा टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो भविष्य में भी परिचालन उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने की दिशा में संयंत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आयुक्त सुरुचि सिंह ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 जुलाई।** आयुक्त सुरुचि सिंह की अध्यक्षता में निगम सभागार में राजस्व आय एवं विभिन्न स्थानीय करों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम के राजस्व संग्रह की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आय वृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में आयुक्त ने कर वसूली कार्य में लगी एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कर वसूली का लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने बड़े राजस्व बकाएदारों की सूची तैयार कर उन्हें तत्काल नोटिस जारी करने तथा नियमानुसार वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि आम नागरिकों को कर भुगतान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली एवं ऑनलाइन कर भुगतान पोर्टल को और अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को वसूली एजेंसी के कार्यों की प्रतिदिन निगरानी करने तथा नियमित प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आयुक्त सुरुचि सिंह ने कहा, निगम क्षेत्र के सुनियोजित विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए समय पर राजस्व प्राप्त होना अत्यंत आवश्यक है। कर वसूली के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त डी.के. कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, येशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारीगण तथा राजस्व वसूली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### संत रविदास जयंती एवं गुरु पूर्णिमा समरसता कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 31 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती एवं गुरु पूर्णिमा समरसता कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर किसान मोर्चा संभाग प्रभारी रेखराम बंछोर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री ओमप्रकाश साहू, कार्यक्रम संयोजक ध्रुव देवांगन, कार्यक्रम सह-संयोजक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष बी.आर. रामटेक, पार्षद एवं नगरीय निकाय जिला सह-संयोजक दीपक गुप्ता, मंडल मंत्री कामीन साहू, मंत्री अनुपमा देवी, कार्यालय सह-प्रभारी ओमप्रकाश साहू, सह मीडिया प्रभारी लल्लन सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष यशवंत राजपूत, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, जिला प्रकोष्ठ से मेघनाथ साहू, देवनाथ यादव, जिला एनजीओ प्रकोष्ठ के सह-संयोजक ऋषभ बंछोर, जिला प्रकोष्ठ से दीपक सिंह, किसान मोर्चा महामंत्री कैलाश शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री सागर यादव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव वर्मा, तीरथ साहू, संतोष ठाकुर, लक्ष्मी छतरी, बजरंग सिंह, कमल पांडे, नवीन शर्मा, जगदीश देवांगन, राजेश यादव, रामकिशन पटेल तथा ठाकुर मंदिर समिति के संचालक तुलसी राम साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन, उनके सामाजिक समरसता, समानता एवं मानवता के संदेश को स्मरण करते हुए उपस्थितजनों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# विकास एवं जनहित कार्यों को समय-सीमा में करें पूरा : सुरुचि सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 जुलाई।** आयुक्त सुरुचि सिंह ने गुरुवार को निगम सभागार में विभिन्न विकास कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयों के अधिकारी तथा अभियंतागण उपस्थित रहे। आयुक्त ने नागरिक सुविधाओं से जुड़े सभी कार्यों में तेजी लाने तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त नागरिकों की मांगों एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुक्त ने सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, निर्माण कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्यों से संबंधित सभी निविदा प्रक्रियाएं आगामी तीन माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं निरंतर मिलती रहें। बैठक में कचांदुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से उपचारित जल के प्रभावी उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि उपचारित जल का प्राथमिकता के आधार पर औद्योगिक एवं सिंचाई कार्यों में उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जल कार्य विभाग को पाइपलाइन विस्तार, जलापूर्ति एवं वितरण प्रणाली से संबंधित सभी लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बोरवेल कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि जिन स्थानों पर बोरवेल खुदाई के दौरान पानी उपलब्ध होगा, केवल उन्हीं मामलों में संबंधित एजेंसी को भुगतान किया जाए। उन्होंने बिजली बिलों के बढ़ते भार एवं लंबित भुगतान की समीक्षा करते हुए सरचार्ज में राहत प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को

### पानी बचाने और संरक्षित करने महिलाओं को आना होगा आगे : डिगेश्वरी

**रिसाली,31 जुलाई (तछसं.)।** नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा श्कैच द रेनश् अभियान के तहत बारिश के पानी के संरक्षण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं को जल संरक्षण के महत्व तथा वर्षा जल के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप अभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि घरेलू स्तर पर पानी का सबसे अधिक उपयोग महिलाएं करती हैंए इसलिए जल बचाने और उसे संरक्षित करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि महिलाएं इस दिशा में पहल करें तो आने वाले समय में संभावित जल संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से भूमिगत जल स्त्रोतों का पुनर्भरण रिचार्ज करना है। उपस्थित महिलाओं ने अपने.अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प भी लिया। संगोष्ठी में वूमेन फॉर ट्री से जुड़ी महिलाओं एवं विभिन्न स्व.सहायता समूहों की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# पीजी कक्षाएं शुरू करने समेत छात्र समस्याओं के समाधान की मांग

**रायपुर, 30 जुलाई।** हस्दु रायपुर ग्रामीण के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय में एम.कॉम. एवं एम.एससी. की स्नातकोत्तर (पीजी ) कक्षाएं शीघ्र प्रारंभ करने तथा छात्रों की विभिन्न शैक्षणिक एवं मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में संगठन ने कहा कि महाविद्यालय में पीजी कक्षाएं संचालित नहीं होने से विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। इसके अलावा महाविद्यालय में पत्रिका, साइकिल स्टैंड, वाचनालय एवं प्रयोगशाला जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित कर रहा है।

एनएसयूआई ने जनभागीदारी एवं एनएसएस मद की राशि के उपयोग की निष्पक्ष जांच कराने, छात्रों से असाइनमेंट के नाम पर कराए जा रहे अनुचित कार्यों पर रोक लगाने तथा महाविद्यालय के प्राचार्य की कार्यप्रणाली एवं वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए स्वतंत्र समिति गठित करने की भी मांग की।

एनएसयूआईने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



संगठन ने स्पष्ट किया कि छात्रहित सर्वोपरि है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई रायपुर ग्रामीण छात्रहित में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन एवं महाविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान एनएसयूआई बिरगांव ब्लॉक अध्यक्ष रितिक देवांगन, प्रदेश सचिव विकाश राजपूत, जनपद सदस्य एवं प्रदेश सचिव कृणाल सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मुंसद अली, प्रदेश प्रवक्ता शाहिद खान, ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष अजय बंजारे, बिरगांव ब्लॉक उपाध्यक्ष लुकेश धीवर, विधानसभा सचिव लविन बंजारे एवं करण शर्मा, विधानसभा महासचिव राजा वर्मा, छात्र नेता राकेश गेंडले (नवीन कॉलेज), दीपक राजपूत, गुलशन बंजारे, मनीष शर्मा, सतीश साहू, नीरज यादव, रविकांत यादव सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

# शिवनाथ ऑटो मोबाइल शोरूम में चोरी का आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 जुलाई।** थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत स्थित शिवनाथ ऑटो मोबाइल प्रा. लि. के शोरूम में 13-14 जुलाई की मध्यरात्रि अज्ञात आरोपियों द्वारा पीछे की ओर से दीवार फांदकर प्रवेश कर कैश काउंटर का लॉक तोड़ते हुए गल्ले में रखी 9, 000/- नगद राशि चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 294/2026 धारा 331(4), 305(ए), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी।

जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा चोरी के आरोपियों का पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में विवेचना कार्यवाही की जा रही थी। विवेचना के दौरान जिला बिलासपुर के थाना चकरभाठा के एक अन्य चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी मंगल सिंह चौहान (30 वर्ष), निवासी जुनापानी, थाना किनौर, जिला खण्डवा (मध्यप्रदेश) की संलिप्तता उक्त चोरी में भी पाई गई। आरोपी को न्यायालय से प्राप्त प्रोडक्शन वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसके अन्य साथी भी इस वारदात में शामिल थे तथा चोरी की गई राशि एवं घटना में प्रयुक्त वाहन उनके कब्जे में है।

प्रकरण में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी की राशि की बरामदगी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन की जब्ती हेतु विवेचना जारी है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# कटली में किया गया न्योता भोज का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 31 जुलाई।** समुदाय के बीच अपनेपन की भावना के विकास, भोजन के पोषण मूल्य में वृद्धि, तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध करवाया जाता है, इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र कटली तथा शासकीय प्राथमिक शाला कटली के बच्चों को न्योता भोज कराया गया, कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलक्षणा वर्मा, सहायिका ईश्वरी श्रीवास, पुष्पा निर्मलकर, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

# जिले में 6745 किशोरी-बालिकाओं का किया गया एचपीवी टीकाकरण

**राजनांदगांव 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) से किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत नीरज बाजपेयी स्कूल बोरी में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन कर 14 से 15 वर्ष तक के 31 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर में एचपीवी टीकाकरण के उपयोग एवं महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। एचपीवी वैक्सीन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है। जिले में अब तक कुल 6745 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जा चुका है। शिविर में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# राजनांदगांव जिले में अब तक 3459 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 3459 मिमी बारिश एवं औसत 362.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 467.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 566 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 622.2 मिमी, घुमका तहसील में 315.5 मिमी, छुरिया तहसील में 448.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 569.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 469.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 622.2 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 362.8 मिमी एवं औसत 51.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 35.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 61 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 55.8 मिमी, घुमका तहसील में 23 मिमी, छुरिया तहसील में 80.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 67.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 39.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा छुरिया तहसील में 80.7 मिमी दर्ज की गई है।

# शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में 29 जुलाई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढाबाडीह में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3500 कीमत मूल्य का 35 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम नारद ध्रुव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम ढाबाडीह थाना सिटी कोतवाली है।

### विस अध्यक्ष ने किया नवीन गौछाया परिसर का लोकार्पण, चिकित्सा व गौचारा परिसर का भूमिपूजन

# राजनांदगांव की गौशाला पिंजरापोल सेवा, समर्पण और जनसहभागिता का आदर्श केंद्र : डॉ. रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 जुलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गौशाला पिंजरापोल राजनांदगांव में नवीन गौछाया परिसर के लोकार्पण तथा चिकित्सा परिसर एवं गौचारा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राज्य शासन की ओर से गौशाला के विकास के लिए 75 लाख रूपए की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने की। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव तथा राज्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव को संस्कारधानी इसलिए कहा जाता है जब कोई घटना हो जाती है। उस घटना से एक बड़ा निर्णय निकल कर आता है, जो गौ माता के संवर्धन और संरक्षण के लिए होता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1904 में एक मार्मिक घटना के बाद स्वर्गीय रामलाल चोपड़ा ने गौशाला स्थापना का संकल्प लिया और समाज के सहयोग से इसकी शुरूआत हुई। आज 122 वर्षों की यह यात्रा जनसेवा, गौसंवर्धन और समाज की सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है। उन्होंने कहा कि गौशाला पिंजरापोल केवल गौशाला नहीं, बल्कि एक पवित्र तीर्थस्थल है, जहां समाज की आस्था और सेवा भावना का अद्भुत संगम दिखाई देता है। उन्होंने गौशाला के विकास में भूमि, संसाधन एवं आर्थिक सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं का उल्लेख करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से यह गौशाला आज प्रदेश की सबसे सशक्त एवं समृद्ध गौशालाओं में शामिल है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नागरिकों से गौसेवा में नियमित सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौशाला से जुड़े और गौसंरक्षण के इस पुण्य कार्य में योगदान दें।

गौशाला के विकास के लिए 75 लाख की राशि प्रदान कराने की घोषणा



कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि इतनी समृद्ध परंपरा और 122 वर्षों के गौरवशाली इतिहास वाली गौशाला बहुत कम देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यहां समाज का जुड़ाव, दानदाताओं की सहभागिता तथा गौसेवा के प्रति लोगों की संवेदनशीलता अनुकरणीय है। उन्होंने गौधाम योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य शासन गौसंरक्षण एवं गौसेवा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मंत्री रामविचार नेताम ने गौशाला में संचालित चिकित्सा सुविधाओं, पशु उपचार, शल्य चिकित्सा तथा प्रस्तावित आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि गौशाला में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजे जाएं, जिन पर शासन स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री नेताम ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशाला में नियमित रूप से पशु चिकित्सकों एवं पशु चिकित्सा सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गौवंश को समय पर उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम को अध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग विशेषर सिंह पटेल, महापौर मधुसूदन यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष गौशाला पिंजरापोल खूबचंद पारख ने स्वागत उद्बोधन देते हुए गौशाला पिंजरापोल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में गौशाला के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए अनेक समाजसेवियों एवं दानदाताओं ने उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग की घोषणा की। अतिथियों ने गौसेवा एवं गौसंरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी सहयोगियों की सराहना करते हुए इसे समाज की साझा जिम्मेदारी बताया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्र बैंक मार्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, एमडी ठाकुर, गौशाला पिंजरापोल समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, दानदाता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# फिल्टर प्लांट का क्लोरिन गैस टर्नर में हुआ लिकेज

### प्लांट संचालक और सप्लायर को आयुक्त ने थमाया नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 जुलाई।** मोहारा जल संयंत्रगृह के 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट का क्लोरिन गैस टर्नर लिकेज हो गयी थी। जिसे प्लांट कर्मचारियो एवं फायर कर्मियो की सजकता से समय रहते काबू किया गया। गैस टर्नर लिकेज होने पर आयुक्त जी.आर. मरकाम ने सप्लायर एसोसिएट इंटरप्राईजेस राजनांदगांव एवं प्लांट संचालक एस.एम.सी. इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. ठाणे महाराष्ट्र को नोटिस जारी किया है।

गत मंगलवार को जल सयंत्रगृह मोहारा के 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट का क्लोरिन गैस टर्नर लिकेज होने पर आयुक्त मरकाम ने सप्लायर को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि क्लोरिंन गैस टर्नर लिकेज होने से गैस प्लांट परिसर में फैल गया, जिसे प्लांट के कर्मचारी एवं फायर कर्मियो ने काबू किया। इस दौरान कर्मचारियो को कार्य करने में परेशानी हुई। ऐसी परिस्थिति निर्मित होने पर सप्लायार को 24 घण्टे के अंदर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है, अन्यथा की स्थिति में जेम के नियम शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

इसी प्रकार आयुक्त मरकाम ने प्लांट संचालक एसएमसी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. ठाणे महाराष्ट्र को भी नोटिस देकर कहा कि फिल्टर प्लांट के क्लोरिन गैस टर्नर का पाईप सुबह से लिकेज था, इसके बावजूद भी फिल्टर प्लांट का संचालन किया जा रहा था, जिससे क्लोरिन गैस प्लांट परिसर में फैल रहा था, जिसे निगम के अधिकारी कर्मचारी द्वारा रात्रि में आवश्यक व्यवस्था कर नगर सेना की मदद से नियंत्रित किया गया। आपके द्वारा इस प्रकार की लापरवाही के कारण प्लांट के अंदर कार्यरत कर्मचारियों एवं आस पास के नागरिको को स्वास्थ्यगत परेशानी के साथ साथ अपरिहार्य घटना घटित हो सकती थी। संचालक के इस कृत्य पर आयुक्त ने 24 घण्टे के अंदर जवाब प्रस्तुत करने पत्र में कहा है। अन्यथा की स्थिति में अनुबंध के नियम शर्तो के तहत कार्यवाही की जावेगी, जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 31 जुलाई।** प्रार्थी शाहरुख खान, पिता ड्ड जहरुद्दीन खान, उम्र ड्ड 23 वर्ष, निवासी डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 28 जुलाई की रात्रि लगभग 09:00 बजे वह अपने भाई फारुख खान, मित्र सुमित विश्वकर्मा उर्फ बोंगो एवं धन्नू यादव के साथ कश्मीरी पारा स्थित धन्नू यादव के घर जा रहे थे, इसी दौरान कश्मीरी पारा गली में आरोपी अभय निषाद, जिसका पूर्व से धन्नू यादव के साथ विवाद था, हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर आया तथा गाली-गलौच करते हुए सभी को मारने के लिए दौड़ाया भागने के दौरान प्रार्थी शाहरुख खान गिर गया, जिस पर आरोपी ने लकड़ी के डंडे से उसके सिर पर प्राणघातक हमला किया। इसके बाद आरोपी ने अपने पास रखे धारदार लोहे के चाकू से धन्नू यादव उर्फ धनेश के पेट में वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा।



सूचना मिलने पर डायल-112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची, किंतु उपचार के दौरान धन्नू यादव की मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 419/2026, धारा 109, 103(1) भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हस्) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अभय निषाद पिता संतोष निषाद उम्र 23 निवासी कश्मीरी पारा को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# बारिश के दौरान जलभराव, साफ-सफाई व सड़क मरम्मत पर नगर निगम सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 जुलाई।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा लगातार हो रही बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने, शहर की स्वच्छता बनाए रखने तथा नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। शहर के बड़े नालों एवं नालियों की नियमित सफाई कराई जा रही है तथा जहां आवश्यकता पड़ रही है, वहां कच्ची नालियां खोदकर पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही है। नगर निगम द्वारा बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, फ्लाईओवर के नीचे, सर्किट हाउस रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। नालियों की सफाई के बाद निकले कचरे को सूखने के उपरांत जेसीबी एवं टीप्पर की सहायता से उठाकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था भी नियमित रूप से संचालित की जा रही है तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से कचरा एकत्र किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा बारिश के कारण जिन क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन रही है, वहां तत्काल कच्ची नालियां बनाकर पानी की निकासी कराई जा रही है। शीतला मंदिर सहित अन्य स्थानों पर सड़क के गड्ढों को भरने तथा शहर की सड़कों पर पेचवर्क का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। आगामी गणेश पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मार्गों की मरम्मत को प्राथमिकता दी जा रही है। शासन से प्राप्त 10-10 करोड़ रूपए की दो चरणों की स्वीकृत राशि के आधार पर वार्डों में प्राथमिकता अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। निर्माणाधीन एवं अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिए गए हैं तथा विलंब होने पर नोटिस भी जारी किए गए हैं। डामर की उपलब्धता प्रभावित होने के कारण कुछ स्वीकृत सड़कों का डामरीकरण शेष है, जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही जारी है। शहर की प्रमुख सड़कों के डामरीकरण हेतु शासन को प्रस्ताव भी भेजा गया है।

नगर निगम द्वारा पुराना बस स्टैण्ड मार्ग, जिला अस्पताल रोड, खैरागढ़ रोड का चिखली क्षेत्र तथा अन्य कई सड़के लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं। इन सड़कों की मरम्मत के लिए विभाग को आवश्यक पत्राचार कर सूची भेजी गई है। वहीं महावीर चौक स्थित सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत होने के बावजूद आवागमन की सुविधा बनाए रखने के लिए निगम द्वारा समय-समय पर पेचवर्क कराया जाता है। बारिश के मौसम में सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान लगातार जारी है। प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों से आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा जा रहा है। मवेशी मालिकों से प्रति मवेशी 570 रूपए अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़े जा रहे हैं तथा उन्हें मवेशियों को खुले में नहीं छोडने की समझाइश दी जा रही है। मोती तालाब, तहसील रोड, बाजार क्षेत्र तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नियमित साफ-सफाई की जा रही है। तालाब एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। बैगापारा हाट बाजार की दुकानों के मरम्मत एवं आबंटन की प्रक्रिया राजस्व विभाग द्वारा की जा रही है।

### आयुक्त ने मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई तथा निर्माण व्यवस्था व नवागांव वार्ड का किया निरीक्षण

# बाड़ी विकास के लिए स्थल देख वार्डवासियों से की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 जुलाई।** वार्डो में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई तथा निर्माण कार्य निरीक्षण करने निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम प्रतिदिन अलग अलग वार्डो में सुबह पहुच रहे है। वार्ड निरीक्षण की कडी में उन्होने वार्ड क्रमांक 02 नवागांव का वार्ड पार्षद व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा एवं नामांकित पार्षद भीष्म देवांगन के साथ दौरा कर वार्डवासियो से चर्चा किए। इस अवसर पर उन्होंने नवाचार के तहत बाडी विकास के लिए भी स्थल निरीक्षण किया।

नवागांव निरीक्षण के दौरान आयुक्त मरकाम ने साफ सफाई का जायजा लेकर ग्रामीण वार्ड को देखते हुए बारिश में साफसफाई का विशेष ध्यान रखने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किए। उन्होंने वार्ड में बाडी विकास के लिए वार्ड वासियो से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि नवाचार अंतर्गत घर के समीप रिक्त भूमि में फलदार पौधे लगाकर बाडी विकास करने की पहल की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने घर के पास की खाली भूमि में किस प्रकार बाडी विकसित करे इस संबंध में वार्डवासियो से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि मूंगा, कटहल, बेल, पपीता, नीबू एवं लाल फूल वाले गुलहड पौधे लगाकर किचन गार्डन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाडी ग्रामीण वार्ड में ही विकसित करना संभव है, क्योकि शहर के भीतरी वार्ड में घर के पास बाडी के हिसाब से भूमि नही रहती। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण करने कार्य योजना बनाई जा रही है। जिसमें पर्यावरण शुद्धता के साथ बाडी विकास के लिए भी ग्रामीण वार्डो में वृक्षारोपण किया जायेगा।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक बीएलसी के तहत निर्माणाधीन आवास के हितग्राहियो से व्यक्तिगत चर्चा कर उनके आवास निर्माण को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु समझाइस दी गयी। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी आप मकान निर्माण पूर्ण करेगे, उतनी जल्दी आप सर्व सुविधायुक्त स्वयं के आवास का लाभ उठायेगे। साथ ही मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के तहत राज्य शासन की ओर से 32850 रूपये अतिरिक्त राशि आपको प्रदान की जावेगी। दौरे में कार्यपालन अभियंता व नोडल अधिकारी दीपक कुमार खण्डे, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, सीएलटीसी ललित मानकर व अभिनव शुक्ला सहित निगम का तकनीकि व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# कोई उनके लिए कुछ करता है तो युवा होते हैं प्रभावित

देश में करोड़ों युवा हैं, हर चुनाव में वह किसी दल को,किसी दल के नेता से प्रभावित होकर वोट देते हैं।उनके वोट से भी चुनाव में हार जीत होती है। जिस राजनीतिक दल व नेता से वह ज्यादा प्रभावित होते हैं, उसका ज्यादा वोट देते हैं।इसलिए जब भी मौका मिलता है तो देश के बड़े व प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं के प्रभावित करने का प्रयास करते हैं।नीट पेपर लीक मामले में सीजेपी ने उनके लिए एक महीने से ज्यादा आंदोलन किया।सोनम वांगचुक ने उनके लिए २०दिन से ज्यादा अऩशन किया। इससे देश के युवा सीजेपी के नेता अभिजीत दीपके व सोनम वांगचुक प्रभावित हुए कि उन्होंने उनके लिए आंदोलन किया,अनशन किया।शिक्षामंत्री को पेपर लीक के लिए जिम्मेदार बताते हुए इस्तीफे की मांग की और सरकार को शिक्षामंत्री की इस्तीफा लेना पड़ा। देश के युवा उनसे प्रभावित हुए और जंतर मंतर पर उनका समर्थन किया। यह दोनों तो चुनाव नहीं लड़ते हैं,मगर देश के दूसरे राजनीतिक दल कांग्रेस आदि तो चुनाव लड़ते हैं,इसलिए उनके नेता भी युवाओं को यह बताने व जताने का प्रयास कर रहे हैं कि देखों हम भी तुम्हारे लिए संसद के भीतर व बाहर सरकार से लड़ रहे है।हमको तुम्हारी चिंता है। विपक्ष के नेताओं मै राहुल गांधी जब से बांग्लादेश,नेपाल,श्रीलंका में जेनजी ने आंदोलन कर सरकार का तख्ता पलटने जैसा काम किया है।वह चाहते हैं कि यहां के जेनजी भी वैसा ही कुछ सड़क पर आकर करें।वह जेनजी से कई बार आव्हान कर चुके हैं। उनके कहने व चाहने से देश के जेनजी ने वैसा तो कुछ नहीं किया है।उनके पास मौका था जंतर मंतर जाकर जेनजी के आंदोलन का समर्थन करने का लेकिन वह यह मौका चूक गए और नीट पेपर लीक मामले में अलग से आंदोलन करते रहे, पीएम आवास के समक्ष धरना दिया।जंतर मंतर में जेनजी का आंदोलन तो शिक्षामंत्री के इस्तीफे के बाद समाप्त हो गया।इसका श्रेय अभिजीत व वांगचुक को मिला,ऐसे में राहुल गांधी के पास यह बताने को कुछ नहीं था कि उनके आंदोलन से जेनजी को क्या फायदा हुआ। ऐसे में राहुल गांधी के लिए यह बताना जरूरी हो गया था कि देखों तुम्हारे लिए मैं संसद के भीतर लड़ रहा हूं। लड़ने के लिए कोई मुद्दा चाहिए तो उन्होंने पुलिस की कार्रवाई को ही मुद्दा बना लिया और इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह को दोषी बताने का प्रयास किया। यानी पुलिस ने छात्रों के साथ जो कुछ भी बुरा किया वह अमित शाह के कहने पर किया इसलिए अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए।

यहीं राहुल गांधी की सबसे बड़ी गलती कर गए।अभिजीत दीपके भी चाहते तो शिक्षामंत्री के साथ शाह व मोदी के इस्तीफे की मांग कर सकते थे लेकिन वह आंदोलन को सफल बनाना चाहते थे इसलिए उन्होंने शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की यह मांग पूरी की जा सकती थी इसलिए पूरी कर दी गई।राहुल गांधी मान बैठे कि जब अभिजीत की मांग पर शिक्षामंत्री का इस्तीफा हो सकता है तो मैं तो नेता प्रतिपक्ष हूं मेरी मांग पर अमित शाह का इस्तीफा क्यों नहीं हो सकता। राहुल गांधी हमेशा इतनी बडी़ मांग करते हैं कि जो पूरी नहीं हो पाती है और वह असफल नेता हर बार साबित होते हैं।संसद में बोलते वक्त भी वह कहना कुछ होता है और कह कुछ और जाते हैं और उनके ही सब किए कराए पर पानी फिर जाता है। संसद में बोलते वक्त उनके मुंह से निकल गया कि गृहमंत्री शाह ने पुलिस को छात्रों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। सत्ता पक्ष को बोलने का मौका मिला और उन्होंने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति की और राहुल गांधी से गोली चलने का सबूत देने या माफी मांगने को कहा।सत्ता पक्ष की ओर से कहा गया कि आंदोलनकारियों पर न तो गोली चली है और न ही पैलेट गन चली है। राहुल गांधी सरासर झूठा आरोप लगा रहे हैं।राहुल गांधी हर बार संसद में कुछ न कुछ ऐसा कह जाते हैं कि उनको ही नुकसान होता है। वह बीस साल से सांसद है,उनको संसद के सब कायदे कानून मालूम है लेकिन वह हर बार कायदे कानून के परे जाकर कुछ न कुछ ऐसा कह देते हैं कि कायदे कानून के अनुसार वह गलत होता है। इस बार भी सत्ता पक्ष के लोगों ने उनको गलत ठहराया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को कहना पड़ा कि आप ने गलत किया है।संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई कि बिना किसी आधार के किसी पर आरोप लगाना गलत है।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सदन में गृहमंत्री पर चर्चा नहीं हो रही है।राहुल गांधी को गृहमंत्री पर कोई आरोप नहीं लगाना चाहिए। वह आरोप लगा रहे हैं तो इसका सबूत दें।इसके बाद राहुल गांधी ने फिर गलती की और ऐसा कुछ कह दिया कि उसे असंसदीय माना गया और संसद में बवाल हो गया। संसद में राहुल गांधी ने एक लड़की का हवाला देते हुए कहा था कि तीन वर्ग होते हैं,एक छात्र,दूसरा इडियट और तीसरा अंधभक्त।अंधभक्त दूसरे वर्ग के लोगों को भगवान मान लेते हैं। बाद में असंसदीय शब्द को संसद की कार्रवाई से हटाने का आदेश दे दिया गया। हो सकता है कि राहुल गांधी अपने तरीके से पीएम मोदी व उनके भक्तों पर करारा व्यंग्य कर रहे थे लेकिन भाजपा ने इसे भी छात्रों के अपमान से जोड़ दिया।भाजपाके प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि स्टूडेंट के तीन वर्ग होते हैं, एक स्टूडेंट,दूसरे इडियट और तीसरे अंधभक्त।पात्रा ने कहा कि यह देश के स्टूडेंट का अपमान है क्योंकि देश का कोई भी स्टूडेंट न तो इडियट होता है और न अंधभक्त होता है।संसद में राहुलगांधी के इस बयान पर कि गृहमंत्री के कहने पर गोली चली।संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी भ्रम फैला रहे हैं।गृहमंत्री किसी तरह के गोली चलाने का आदेश नहीं दिया है।

विश्लेषण

# खाद्य पदार्थों में मिलावट : स्वास्थ्य और समाज पर बढ़ता संकट

सुनील कुमार महला

खाद्य पदार्थों में मिलावट आज एक बहुत ही गंभीर सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्या बन चुकी है। आज के समय में अधिक लाभ कमाने के लालच में भोजन में हानिकारक एवं निम्न गुणवत्ता वाले पदार्थ मिलाए जा रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ कैंसर, हृदय रोग, किडनी की बीमारी तथा अन्य अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इसलिए शुद्ध भोजन केवल उपभोक्ता का अधिकार ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता भी है।

**हमारे देश में बढ़ती मिलावट की भयावह स्थिति:**-कहना गलत नहीं होगा कि आज हमारे देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट एक विकराल समस्या बन गई है। इससे न केवल शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं का संकट पैदा हो गया है, बल्कि लोग अनेक स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से भी जूझ रहे हैं। यह बहुत ही दुखद है कि केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम दावों के बावजूद मुनाफाखोरी के इस अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के ताजा आँकड़े भी यही संकेत देते हैं कि मिलावटी खाद्य पदार्थों का बाजार लगातार फल-फूल रहा है। बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2025–26 में देशभर में पाँच लाख से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दो लाख से अधिक खाद्य नमूने लिए गए, जिनमें से लगभग 40 हजार नमूने गैर-मानक पाए गए। इनमें सबसे अधिक लगभग 20 हजार नमूने उत्तर प्रदेश के थे। हालांकि, अन्य राज्यों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। अक्सर देखा जाता है कि जब भी खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच होती है, उनमें से बड़ी संख्या में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी खामियाँ सामने आती हैं।

**मिलावट के विरूद्ध दुनिया में सबसे कठोर कानून:**-यहां पाठकों को बताता चलूं कि खाद्य मिलावट के मामलों में बांग्लादेश को सबसे कठोर कानून वाले देशों में माना जाता है। वहाँ की कुछ कानूनी व्यवस्थाओं के अनुसार यदि खाद्य मिलावट के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए या अत्यंत गंभीर जनहानि हो, तो दोषी को आजीवन कारावास तथा कुछ विशेष परिस्थितियों में मृत्युदंड तक का प्रावधान है। हालांकि मृत्युदंड केवल अत्यंत गंभीर मामलों में ही लागू किया जाता है और इसका प्रयोग अत्यंत दुर्लभ है।




**भारत में मिलावट के मामलों पर कानूनी प्रावधान:**-भारत में खाद्य मिलावट के मामलों पर मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 लागू होता है। इस कानून के अंतर्गत मिलावट की गंभीरता के आधार पर दोषी पर भारी आर्थिक दंड, कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है। यदि मिलावटी खाद्य पदार्थ के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो दोषी को आजीवन कारावास तथा कम से कम ( 10 लाख के जुर्माने की सजा दी जा सकती है। वहीं कम गंभीर मामलों में जुर्माना तथा 6 माह से लेकर 6 वर्ष तक के कारावास का भी प्रावधान है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कठोर कानून पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उनका सख्त और प्रभावी क्रियान्वयन भी उतना ही आवश्यक है।

**आखिर मिलावट पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा ?**-यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि आखिर कठोर कानूनी प्रावधानों के बावजूद खाद्य पदार्थों में मिलावट का अवैध कारोबार लगातार क्यों बढ़ रहा है? जिस सरकारी तंत्र पर खाद्य पदार्थों की नियमित जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जिम्मेदारी है, क्या वह अपना दायित्व पूरी ईमानदारी से निभा रहा है? जो मामले दर्ज होते हैं, उनमें भी यदि दोषियों को सजा मिलने की दर बेहद कम रहती है, तो यह चिंता का विषय है। कई बार संबंधित विभागों के कुछ कर्मियों की कथित साठगांठ के कारण मिलावट करने वाले बच निकलते हैं। यही कारण है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के मन से कानून का भय समाप्त होता जा रहा है।

**समाधान और निष्कर्ष:**-यहां यही कहूंगा कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सरकार को खाद्य पदार्थों की निगरानी और जांच व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाना होगा। जांच करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा मिलावटखोरों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, आम नागरिकों को भी जागरूक होकर केवल विश्वसनीय एवं प्रमाणित स्थानों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए और संदिग्ध वस्तुओं की शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुँचानी चाहिए। वास्तव में, सच तो यह है कि मिलावट केवल कानून का ही उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के साथ किया जाने वाला गंभीर अपराध है। सरकार, प्रशासन और समाज-तीनों के संयुक्त प्रयासों से ही इस बुराई पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। स्वस्थ समाज की आधारशिला शुद्ध भोजन है, इसलिए मिलावट के विरुद्ध जनजागरण और कठोर कार्रवाई समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## सू- दोकू क्र.116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ९वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.115 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -116

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 115 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## राशिफल

मेष राशि मेष राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा। आपको बड़ा लाभ आज मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन अवसरों की प्राप्ति होगी। किसी विरोधी की बातों में आने से बचें। सोच-समझकर उठाया गया हर कदम आपके लिए लाभदायक रहेगा।

वृषभ राशि वृषभ राशि वालों के लिए दिन खुशियों भरा रहेगा। विवाह के योग बनेंगे और घर वालों का साथ व सहयोग पूर्ण रूप से प्राप्त होगा। आज का दिन तरक्की और उन्नति के लिए भी अनुकूल रहेगा। इस समय कोई मनचाही इच्छा पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन राशि आज दिन सामान्य रहेगा और निवेश से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें। प्रभावशाली लोगों से मेल-मुलाकात का सिलसिला जारी होगा। व्यापार को लेकर नए लोगों से भी आज आप मिल सकते हैं। साझेदारी के कार्यों से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

कर्क राशि कर्क राशि वालों के लिए दिन खुशनुमा रहेगा। आज का दिन पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि कराने वाला रहेगा। इसके अलावा प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनने का लाभ आज आपको प्राप्त हो सकता है। कर्क राशि के लोग रिश्तों में मधुरता बनाए रखें।

सिंह राशि सिंह राशि वालों के लिए दिन शुभ हो सकता है। साथी के साथ घूमने जा सकते हैं। इसके अलावा आज का दिन लाभ और बुद्धिमानी से कार्य करने का भी है। छोटे बच्चों की इच्छाएं पूरी कर उन्हें खुश करने का अवसर मिलेगा।

कन्या राशि कन्या राशि वालों से कोई मिलने भी आ सकता है। आज का दिन आपके लिए व्यापार में भी अनुकूल रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। धन लाभ के भी योग बनेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी और जीवन में सुख-शांति व आनंद का अनुभव होगा।

तुला राशि आज व्यापार को लेकर कोई नई और बड़ी योजना आप बना सकते हैं। आज हर निर्णय सोच-समझकर लें। जरूरतमंद की मदद करने से मन को संतोष मिलेगा और सम्मान भी बढ़ेगा। रिश्तों में प्रेम बना रहेगा।

वृश्चिक राशि आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में किया गया परिवर्तन आपके लिए लाभकारी साबित होगा। इसके अलावा नए लोग आपके लिए कोई परेशानियां बी खड़ी कर सकते हैं। परिवार और करीबी लोगों के साथ संबंध मजबूत होंगे।

धनु राशि कोर्ट के मामले आपको राहत दे सकते हैं। आज कार्यभार अधिक रह सकता है। आपको व्यावसायिक कार्यों को पूरा करने का अच्छा अवसर आज प्राप्त होगा। पुरानी बातों को लेकर धनु राशि के लोग परेशान रहेंगे। दोस्तों के साथ अच्छा समय आप बिता सकते हैं।

मकर राशि आज आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। दान के लिए आज कुछ वस्तुएं आप खरीदने जा सकते हैं। इसके अलावा कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें। पिताजी की सेहत का विशेष ख्याल आपको रखेंगे।

कुंभ राशि कुंभ राशि के लोग सेहत को लेकर थोड़े परेशान आज हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। किसी भी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचें।बैंक बैलेंस में इजाफा होगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात हो सकती है।

मीन राशि मीन राशि वालों के लिए दिन सामान्य हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। संतान की पढ़ाई से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार में किसी पूजा-पाठ का कार्य हो सकता है। आप यात्रा के लिए भी जाएंगे।

# क्या है हकीकत, क्या है फसाना-सोशल मीडिया पर स्मार्ट मीटर को लेकर उठे सवालों का यहां है जवाब

विकास शर्मा

इन दिनों बिजली उपभोक्ता अधिक बिजली बिल की शिकायतें कर रहे हैं। उपभोक्ता इसके पीछे स्मार्ट मीटर की रीडिंग में दोष देख रहे हैं। बढ़ते बिजली बिल और सोशल मीडिया में विभिन्न दावों के बीच एक उपभोक्ता के कुछ स्वाभाविक सवाल हैं।

**स्मार्ट मीटर लगने से बिल अपने आप अधिक आने लगता है । क्या यह सही है ?**-स्मार्ट मीटर लगने से बिल बढ़ता कहना है तथ्यों पर आधारित नहीं है , सच्चाई यह है कि बिल के बढ़ने के कई कारण हैं। यदि बिल बढ़ा है तो सबसे पहले अपनी खपत का आँकलन करें, वास्तविक खपत के साथ ही कभी – कभी वायरिंग में फाल्ट, लीकेज करंट और खराब उपकरण भी कारण हो सकते हैं, और इनसे भी कुछ खपत में फर्क आ सकता है।

**क्या स्मार्ट मीटर पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर से तेज खपत दर्ज करता है ?**-बिल्कुल नहीं, यह मीटर वास्तविक बिजली खपत को दर्ज करता है। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड (BIS) मानकों तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) की तकनीकी मापदण्ड के अनुरूप स्मार्ट मीटर के परीक्षण उपरांत ही उपभोक्ताओं के आवास पर स्थापित किए जाते हैं । कई चरणों में जाँच के बाद लगे इन मीटरों पर फिर भी यदि संदेह हो तो मीटर परीक्षण का अनुरोध भी किया जा सकता है।

**क्या उपभोक्ताओं के मीटर अब प्री-पेड होने जा रहे हैं ?**- बिल्कुल भी नहीं, इस प्रकार की भ्रामक बातें कुछ मीडिया प्लेटफार्म पर कहीं जा रही है जो बिल्कुल ही गलत है। आम उपभोक्ताओं को पहले की ही तरह मीटरिंग का पोस्ट पेड प्रारूप लागू होगा। शासकीय कार्यालयों एवं भवनों के लिए ही प्री-पेड मीटरिंग शुरू होने जा रही है।

**क्या स्टैंडबाय उपकरण भी बिजली खपत करते हैं ?**-हाँ, टीवी, राउटर, चार्जर आदि उपकरण भी स्टैण्डबाय अवस्था में थोड़ी ऊर्जा खपत करते हैं । इस बात को एक उपभोक्ता को भी समझनी चाहिए कि किसी भी उपकरण का उपयोग यदि नहीं है तो उसे पूर्ण रूप से स्वीच के स्तर पर बंद करें। इससे उस उपकरण के अंदरूनी कलपुर्जों को चलाने के लिए ऊर्जा खपत न हो।

**एक आम उपभोक्ता बिजली बिल के बढ़ने के असल कारण कैसे जान सकता है ?**-प्राथमिक तौर पर तो वह अपने बिल में खपत को देखे। खपत यदि अपेक्षा से अधिक है तो स्वाभाविक है चिंता होगी। फिर भी अपने स्तर पर भी वह स्मार्ट मीटर की प्रौद्योगिकी का लाभ लेते हुए प्रारंभिक तौर पर मीटर की रीडिंग को जाँच सकता है। उपभोक्ता मोर बिजली मोबाइल एप्लिकेशन को अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर ले। एप में स्मार्ट मीटर के बटन पर क्लिक कर आगे बढ़े। कुछ समय के लिए अपने घर के सभी उपकरणों को बंद कर दे। चाहें तो कुछ देर के लिए या आधे घंटे के लिए। उपभोक्ता देख सकता है कि क्या इस दौरान किसी भी प्रकार की रीडिंग दर्ज की गई है। मोर बिजली एप में आपको बहुत सी सहुलियतें दी गईं हैं। एक बार उसमें जाकर आप देखें कि आपके प्रतिदिन खपत की क्या स्थिति है, खपत के अनुसार इस माह कितना यूनिट खर्च का अनुमान है। बीते महीनों से लेकर बीते वर्ष में खपत की क्या स्थिति थी जैसी अनेक जानकारियाँ देखी जा सकती हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीटर से स्मार्ट मीटर, स्मार्ट कैसे हैं?**-सही सवाल है। असल में पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर और वर्तमान स्मार्ट मीटर में विद्युत डेटा के संग्रहण एवं संचारण के स्तर पर फर्क है। यानी पहले के इलेक्ट्रानिक मीटर भी लगभग 100 प्रतिशत सटीक खपत दर्ज करते थे जो आज का स्मार्ट मीटर करता है। फर्क है इन संग्रहित डेटा का संप्रेषण करने की क्षमता। असल में पुराने मीटर आपकी पल – पल की खपत के आँकड़े डेटा संग्रहण केन्द्र तक नहीं पहुँचा पाते थे। वहीं स्मार्ट मीटर एक प्रकार से रीयल टाइम डेटा भेजने में सक्षम है । इससे सबसे बड़ा फायदा उपभोक्ता को है कि वह अपनी खपत को माह में सिर्फ एक बार जान पाने से आगे पल-प्रतिपल आधार पर देख, जान सकता है और आवश्यकता अनुसार व्यर्थ अथवा अनुपयोगी खपत को नियंत्रित कर सकता है।

कुल मिलाकर मीटर रीडर के इंतजार में रहने की बजाए स्वयं




विद्युत खपत और खपत की गति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यानी निगरानी और नियंत्रण करने सहायक है। स्मार्ट मीटर सटीकता के साथ पारदर्शिता को भी बढ़ाता है।

**पिछले एक- दो महीने में बहुत से उपभोक्ताओं का बिल एकदम बढ़ा हुआ आया है इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं?**-बिल को लेकर अलग-अलग प्रकरण में अलग कारण हो सकते हैं। एक स्वाभाविक कारण गर्मी का मौसम में खपत है। अधिकांश घरों में एसी, कूलर निरंतर चले हैं। इसके अलावा वैश्विक ऊर्जा संकट के बाद से विगत कुछ महीनों में बहुत से घरों में इलेक्ट्रिक वाहनों, इलेक्ट्रिक स्टोव (इंडक्शन) समेत अन्य इलेक्ट्रिक उपकरणों की वृद्धि हुई है। फिर भी खपत यदि पहले जैसी है और बिल अधिक आया है तो एक कारण स्वीकृत भार का बढ़ जाना है। बहुत से उपभोक्ताओं को इस बात की जानकारी नहीं हो पा रही है कि उनके बिल में खपत के साथ ही भार वृद्धि (लोड एन्हेन्समेंट) का शुल्क इस माह जुड़कर आया है। इसके अलावा शासन की मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के प्रावधानों के तहत 400 यूनिट की सीमा को पार करने के कारण राहत से वंचित हुए हैं।

**भार वृद्धि शुल्क (लोड एनहैंसमेंट चार्ज) क्या है और क्या यह हर माह लगता रहेगा ?**-विद्युत कंपनी उपभोक्ताओं से मीटर कनेक्शन के दौरान उसकी विद्युत आवश्यकताओं का अनुमान लेकर आवेदन अनुसार विद्युत भार स्वीकृत करती है और इस हेतु वह मीटर कनेक्शन देते वक्त एक निर्धारित शुल्क लेती है। चूंकि समय के साथ विभिन्न आवश्यकताओं के कारण धीरे-धीरे हम अपने घरों में अनेक विद्युत उपकरण शामिल करते जाते हैं किंतु हम कार्यालय में भार वृद्धि हेतु आवेदन नहीं करते हैं और वही पुराना स्वीकृत भार चलता रहता है। उपभोक्ता को अपने उपकरणों की भार क्षमता अनुसार ही भार वृद्धि कर लेनी चाहिए पर वह जाने अनजाने नहीं हो पाता किंतु स्मार्ट मीटर उस वृद्धि को दर्ज करता है और उसकी जानकारी डाटा सेंटर में प्रेषित करता है। अब विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित नियमों के अनुसार यदि किसी उपभोक्ता की अधिकतम मांग लगातार तीन माह तक बढ़ी हुई हो तो उसके बढ़े हुए भार को ही उसका स्वीकृत भार बना दिया जाए और निर्धारित शुल्क उसके बिल में जोड़कर भेजा जाए। इस प्रकार बीते दो माह में बहुत से उपभोक्ताओं को भार वृद्धि का शुल्क भी जोड़कर भेजा गया है। उपभोक्ता से यह चार्ज सिर्फ एक बार लिया जाता है और वर्तमान में भार वृद्धि हेतु 800 रुपए प्रति किलोवाट का शुल्क निर्धारित है।

**क्या मीटर की जाँच कराई जा सकती है? इसके लिए क्या शुल्क निर्धारित है?**-हाँ, बिल्कुल कराई जा सकती है। पहले तो आप घर पर ही समझे अपने खपत के पैटर्न को। इसके बावजूद यदि आप असहमत हैं टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत करें एवं चेक मीटर लगाने का आग्रह अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में जाकर करें। आपके घर पर जल्द ही चेक मीटर लगाया जाएगा। इस चेक मीटर से भी संतुष्ट न हों तो आगे भी जाँच की सुविधा है। एनएबीएल प्रमाणित मीटर जाँच प्रयोगशाला है। जिसे हम सेन्ट्रल टेस्टिंग लैब कहते हैं और यह भिलाई में स्थित है। इसके अलावा मीटर जाँच की सुविधा रायपुर एवं बिलासपुर में भी है। सिंगल फेज मीटर के लिए 375 रुपए और थ्री फेज के लिए 450 रुपए शुल्क निर्धारित है।

उपरोक्त के बाद उपभोक्ता के पास और भी अधिकार है। वह विद्युत उपभोक्ता शिकायत फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। यह फोरम प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में स्थित है और यह एक स्वतंत्र निकाय है।

**क्या पॉवर कंपनी या मीटर बनाने वाली कंपनी अपने स्तर पर रीडिंग में फेरबदल कर सकती है ?**-एकदम नहीं। रिमोट संचार और बिल बढ़ाना अलग बातें हैं। खपत और बिलिंग दर्ज करना ऊर्जा पर आधारित होता है। इस प्रकार से तथ्य अब तक प्रकाश में नहीं आए हैं।

**सोशल मीडिया पर अनेक शिकायतें चल रही हैं,पॉवर कंपनी कैसे देखती है इन बातों को ?**-शिकायतों का सम्मान है पर वो सही मंच पर हो। मीडिया में तर्क रखें जा रहे हैं पर बहुत से मामलों में तथ्य की कमी है। व्यक्तिगत बिलिंग संबंधी शिकायत बिल्कुल हो सकती है। मीटर रात में स्वयं चलता है, मोबाइल सिग्नल से बिल बढ़ता है, SIM का शुल्क उपभोक्ता देता है ऐसे बहुत से दावे सोशल मीडिया में किए जा रहे हैं। इन दावों के समर्थन में सामान्य रूप से विश्वसनीय तकनीकी प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। मैं तो आग्रह करूंगा कि सोशल मीडिया की बजाय अधिकृत शिकायत तंत्र का उपयोग करें तथा तकनीकी परीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त करें। त्रुटियाँ होंगी तो बिल्कुल सुधार होगा। पॉवर कंपनी समझती है कि बहुत बड़ा सिस्टम है तो कुछ त्रुटि हो सकती है। उपभोक्ताओं के सहयोग से उसे सुधारते हुए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

### जिले में 48 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश, प्रशासन सतर्क

# भारी बारिश, तेज हवाओं और भूस्खलन की आशंका के बीच जिला व नगर पालिका का अलर्ट, त्वरित राहत के लिए विशेष टीम गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**किरंदुल, 31 जुलाई।** दंतेवाड़ा जिले के औद्योगिक नगर किरंदुल में मानसून की दस्तक के साथ लगातार हो रही झमाझम बारिश और तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर पेड़ गिरने, भूस्खलन तथा कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों के बीच संभावित आपदा को लेकर चिंता का माहौल है। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद किरंदुल ने किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए व्यापक और विशेष तैयारियां कर ली हैं।

नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र ने विशेष संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि विगत वर्षों में लगातार वर्षा के दौरान 11-सी पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नगर क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। उस समय कई घरों में पानी भर गया था, निचले इलाकों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई थी तथा कई परिवारों को राहत शिविरों में ठहराना पड़ा था।उन्होंने बताया कि पूर्व में सामने आई अधिकांश समस्याओं का स्थायी समाधान कर लिया गया है। नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए गए हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मानसून शुरू होने से पहले विशेष आपदा प्रबंधन योजना तैयार की है। प्रशासन द्वारा अलग-अलग विभागों की संयुक्त त्वरित राहत टीम गठित की गई है, जो सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर देती है। हाल के दिनों में तेज हवाओं के कारण नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गिरे छोटे-बड़े पेड़ों को भी तत्काल हटाकर यातायात एवं जनजीवन को सामान्य किया गया।

**हाल ही में किरंदुल**-बचेली मुख्य मार्ग पर तेज बारिश और आंधी के दौरान एक विशाल वृक्ष सड़क के बीच गिर जाने से कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पार्षद हाजी ने प्रशासनिक अमले और जेसीबी मशीन की सहायता से तत्काल वृक्ष हटवाकर मार्ग को पुनः सुचारु कराया। इस त्वरित कार्रवाई से यात्रियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली।प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक आपदा की किसी भी स्थिति में जन-धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन, नगर पालिका, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों के समन्वित प्रयासों से मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली हर छोटी-बड़ी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना करने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

**मुख्य बिंदु**

- मानसून को देखते हुए किरंदुल में विशेष आपदा प्रबंधन व्यवस्था लागू।
- भारी बारिश, तेज हवाओं और भूस्खलन की आशंका पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क।
- आपदा से निपटने के लिए त्वरित राहत एवं बचाव दल गठित।
- पिछले वर्षों की जलभराव समस्याओं का स्थायी समाधान किया गया।
- किरंदुल-बचेली मार्ग से गिरे विशाल वृक्ष को तत्काल हटाकर यातायात बहाल।
- प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता।

## समाचार संक्षेप

### भारी बारिश के चलते बीजापुर में दो दिन स्कूल बंद, विधायक विक्रम मंडावी की मांग पर प्रशासन ने जारी किया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 31 जुलाई।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश और बिगड़ते हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने 31 जुलाई एवं 1 अगस्त 2026 को जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। यह आदेश कलेक्टर की अनुमति के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गयाइससे पहले बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर लगातार हो रही बारिश के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानियों का उल्लेख किया था। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और हित को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग की थी।विधायक के पत्र के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि लगातार भारी वर्षा के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 31 जुलाई और 1 अगस्त को जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में दो दिनों का अवकाश रहेगा। आदेश कलेक्टर की अनुमति से प्रभावी किया गया है।

### कृत्रिम अंगों से बदलेगी पांच दिव्यांगजनों की जिंदगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 31 जुलाई।** जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने बढ़ाया हौसला, कहा जल्द मिलेंगे कृत्रिम हाथ-पैर बीजापुर, 31 जुलाई। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में बीजापुर जिले में महत्वपूर्ण पहल की गई। समर्थ-जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी), एजुकेशन सिटी बीजापुर में आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांगजन शिविर में विशेषज्ञों ने कृत्रिम हाथ एवं पैर लगाए जाने के लिए दिव्यांगजनों का परीक्षण और मूल्यांकन किया।शिविर में दंतेवाड़ा से पहुंचे कृत्रिम अंग विशेषज्ञों ने बीजापुर जिले के पांच दिव्यांगजनों का विस्तृत परीक्षण किया। परीक्षण के आधार पर चयनित हितग्राहियों को आगामी माह उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम हाथ एवं पैर उपलब्ध कराए जाएंगे।विशेषज्ञों ने बताया कि कृत्रिम अंग मिलने के बाद दिव्यांगजन अपने दैनिक कार्य अधिक आसानी और आत्मविश्वास के साथ कर सकेंगे। इससे उनकी गतिशीलता बढ़ेगी और वे सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।शिविर के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शासन की दिव्यांग हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।जिला प्रशासन ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी और सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम बनाना है। भविष्य में भी जिले में इस प्रकार के पुनर्वास शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

### बीजापुर में झमाझम बारिश, जिले में अब तक 692.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बीजापुर, 31 जुलाई।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच बीजापुर जिले में इस मानसून सीजन में वर्षा का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 31 जुलाई 2026 तक जिले में 692.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।जिले की सभी तहसीलों में सबसे अधिक वर्षा बीजापुर तहसील में 910.1 मिमी दर्ज की गई है। इसके बाद भैरमगढ़ में 851.6 मिमी और कुटरू में 808.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं गंगालूर में 617.3 मिमी, भोपालपटनम में 565.4 मिमी तथा उसूर में 404.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।लगातार हो रही बारिश के कारण जिले की कई नदियां और नाले उफान पर हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित हुआ है और प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी

## एक नजर

### बस्तर के किसानों को बताया गया प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के बारे में

**जगदलपुर , 31 जुलाई ।** बस्तर संभाग के मत्स्य पालक अब पारंपरिक तरीके से आगे बढ़कर आधुनिक तकनीकों के साथ मछली पालन को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। बस्तर संभाग के 13 प्रगतिशील किसान हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर वैज्ञानिक मत्स्य पालन की बारीकियां सीख रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के बारे में भी किसानों को बताया गया।भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय की ओर से आयोजित यह प्रशिक्षण 31 जुलाई तक चल रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक मत्स्य पालन, उत्पादन प्रबंधन, उद्यमिता विकास, मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन व्यवस्था की जानकारी देना है। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज का चयन, तालाब की वैज्ञानिक देखरेख, पानी की गुणवत्ता बनाए रखने, मछलियों में होने वाले रोगों की पहचान, नियंत्रण, उत्पादन बढ़ाने की तकनीक सिखाई जा रही है। हैदराबाद प्रशिक्षण में किसानों को मछली पालन के हर चरण की जानकारी दी जा रही है। इसमें मत्स्य बीज चयन, जल प्रबंधन, रोग नियंत्रण, उत्पादन बढ़ाने के तरीके और तैयार उत्पादों के बेहतर विपणन की रणनीति शामिल है। विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर लाभ बढ़ाने के उपाय बता रहे हैं। प्रशिक्षण में बताया जा रहा है कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। इससे केवल सहायक व्यवसाय नहीं, बल्कि स्थायी आय के साधन के रूप में विकसित किया जा सकता है।

### कोंडागांव के नदी-नाले उफान पर, एनएच-130 डी एवं मर्दापाल मार्ग बाधित

**कोंडागांव, 31 जुलाई ।** जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले के लगभग सभी नदी-नाले उफान पर हैं, खेतों में पानी लबालब भर गया है। कई स्थानों पर सड़क, पुल-पुलिया, रपटे और तालाब क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई हैं। सबसे अधिक प्रभावित कोंडागांव-नारायणपुर मार्ग (एनएच-130डी) हुआ है, जहां सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है। लगातार बारिश और उफनते नदी-नालों के कारण इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। वहीं कोंडागांव से मर्दापाल जाने वाला मार्ग भी पूरी तरह बंद हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 पर स्थित नारंगी नदी भी उफान पर है, जिससे आसपास के कई खेत और निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों, विशेषकर तोतर ग्राम पंचायत सहित अन्य गांवों से भी नदी-नालों के उफान के वीडियो सामने आए हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द राहत एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। प्रशासन ने लोगों से उफनते नदी-नालों और पुल-पुलियों को पार करने से बचने तथा सतर्क रहने की अपील की है।

### कुकुर नदी का पानी बीएसएफ कैंप में घुसा जवानों ने टीन शेड की छत व पेड़ों का लिया सहारा

**नारायणपुर, 31 जुलाई ।** जिले के अबूझमाड़ में घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित बालेबेड़ा गांव में स्थापित सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप का है, जहां बीएसएफ की 86वीं बटालियन के जवान तैनात हैं। लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र की नदी-नाले उफान पर हैं। कैंप के समीप बहने वाली कुकुर नदी का जलस्तर अचानक इतना बढ़ गया कि पानी सीधे कैंप परिसर में घुस गया। देखते ही देखते पूरा परिसर जलमग्न होने लगा और जवानों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचने का अवसर तक नहीं मिल पाया। अपनी जान बचाने के लिए कई जवान आवासीय टीन शेड की छत पर चढ़ गए, जबकि कुछ ने आस-पास के पेड़ों का सहारा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार जवानों को कई घंटे तक इन्हीं ऊंचे स्थानों पर रहकर पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें चारों ओर बाढ़ का पानी और उसके बीच पेड़ व टीन की छत पर सुरक्षित बैठे जवान दिखाई दे रहे हैं।नक्सलवाद की चुनौती कम होने के बावजूद यहां की भौगोलिक परिस्थितियां, दुर्गम जंगल, उफनती नदियां और अचानक आने वाली प्राकृतिक आपदाएं आज भी जवानों के सामने बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। यह दृश्य साफ बताता है कि अबूझमाड़ में तैनात सुरक्षाबल केवल सुरक्षा चुनौतियों का ही नहीं, बल्कि यह प्राकृतिक आपदाओं का भी डटकर सामना करते हैं।

# बीजापुर में बाढ़, देवदूत बनी नगरसेना व कलेक्टर विश्वदीप राहत शिविर पहुंचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 31 जुलाई।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। भोपालपटनम के तिमेड़ पुल पर इंद्रावती नदी का जलस्तर शुक्रवार दोपहर तक 16ण्80 मीटर दर्ज किया गयाए जो खतरे के निशान से 4.30 मीटर ऊपर है। जिले के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ हैए लेकिन जिला प्रशासनए नगरसेना और पुलिस की संयुक्त टीमें दिन.रात राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। वहीं आज बारिश कम होने से बीजापुर से हैदराबाद नेशनल हाईवे 163 बहाल होने की संभावना है। दूसरी ओर महाराष्ट्र की ओर जाने वाली 63 सड़क भी अभी पूरी तरह से बंद हो चुकी है। बीजापुर से जगदलपुर जाने वाली नेशनल हाईवे सुचारू रूप से अवागमन जारी है।

कलेक्टर विश्वदीप ने पुलिस अधीक्षकए जिला पंचायत सीईओ एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों के साथ तिमेड़ पुल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने चंदनगिरी राहत शिविर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कीए उनका हालचाल जाना और भोजनए कपड़े तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ से हुई क्षति का सर्वे कर प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने का भी भरोसा दिया।

बाढ़ के बीच नगरसेना होमगार्ड की टीम लोगों के लिए किसी देवदूत से कम साबित नहीं हो रही है। ग्राम रेड्डी की एक महिला और उसकी बीमार बच्ची को उफनते जलमार्ग के बीच सुरक्षित रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गयाए जिससे समय पर उनका उपचार संभव हो सका। नगरसेना की टीमें नावए लाइफजैकेट और अन्य बचाव उपकरणों के साथ 24 घंटे राहत कार्य में जुटी हुई हैं।

**कलेक्टर ने की अपील -सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा**

कलेक्टर विश्वदीप ने जिलेवासियों से अपील की है कि किसी भी स्थिति में उफनते नदी-नालों पुल-पुलियों अथवा बहते पानी को पार करने का प्रयास न करें। सभी एसडीएमए तहसीलदार नगरसेना और अन्य विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें।

**उसूर ब्लॉक में लगातार चल रहा रेस्क्यू अभियान**



राहत एवं बचाव दल ने उसूर ब्लॉक में भी कई सफल अभियान चलाया गया। ग्राम डल्ला से एक गर्भवती महिला को तालपेरु नदी पार कर सुरक्षित बासागुड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। ग्राम बंडागुड़ा से प्रसूता महिला और उसके नवजात शिशु को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। ग्राम लंकापल्ली में फंसे 7 पर्यटकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

जिला कंट्रोल रूम 7587291848ए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मुकेश कुमार देवांगन 7974547030 सावधानी ही सुरक्षा है। अफवाहों से बचें बहते पानी को पार न करें और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# युवा नेता विमल सलाम बने छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 31 जुलाई।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस ने बुधवार को छत्तीसगढ़ संगठन का विस्तार करते हुए दंतेवाड़ा के युवा कांग्रेस नेता विमल सलाम को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया द्वारा जारी आदेश के तहत की गई है। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज एवं छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री जनकराम ध्रुव की अनुशंसा पर सौंपी गई है।विमल सलाम लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे पूर्व में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने का कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे जिला कांग्रेस कमेटी, दंतेवाड़ा के महामंत्री एवं प्रवक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।नियुक्ति पर विमल सलाम ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस बाबा,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष श्री जनकराम ध्रुव, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव युवा कांग्रेस श्री (पूर्णचंद्र)कोको पाढी सहित कांग्रेस के समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।विमल सलाम ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के आदिवासी समाज के हक, अधिकार, जल-जंगल-जमीन, संविधान और सामाजिक न्याय की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके नेतृत्व और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रेरणा लेकर वे आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा समाज की आवाज़ को और प्रभावी ढंग से उठाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।विमल सलाम की नियुक्ति पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और सक्रिय नेतृत्व से छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी।

# चेन स्नैचर गिरोह ने पुलिस व्यवस्था को दिखाया ठेंगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 31 जुलाई।** भिलाई शहर में लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर शातिर चैन स्नैचरों के गिरोह ने दस्तक देकर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार सुबह महज 15 मिनट के अंतराल में दो अलग-अलग इलाकों में मॉर्निंग वॉक पर निकलीं महिलाओं को निशाना बनाकर चैन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया गया। सूचना मिलने पर दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने दोनों घटना स्थल का निरीक्षण कर अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया पहली घटना सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रियदर्शिनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के पास घटी। सुबह लगभग 6¬25 बजे एक महिला अपने घर के सामने सड़क पर टहल रही थी। उसी समय एक्टिवा सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। स्कूटी चालक ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि पीछे बैठा युवक चेहरे पर नकाब बांधे हुआ था। लुटेरों ने महिला के गले से करीब तीन तोले की सोने की चैन खींच ली। हालांकि, खींचतान के दौरान चैन टूटकर जमीन पर गिर गया और आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर टूटकर गिरे सोने के चैन पुलिस ने जप्त कर लिया है। इससे ठीक पहले सुबह 6¬11 बजे सेक्टर-1, सड़क-2 पर दूसरी सनसनीखेज वारदात हुई। यहां सड़क पर टहल रही एक बुजुर्ग महिला के पास करीब 45 से 50 वर्ष की एक महिला पहुंची और अचानक उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। जब तक पीड़ित महिला कुछ समझ पातीं, आरोपी महिला ने उनके गले से सोने की चैन झपट ली और पास ही मोटरसाइकिल लेकर खड़े अपने साथी युवक के साथ फरार हो गई। एक ही सुबह लगातार दो वारदातों की सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस के साथ एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर पीड़ितों के बयान दर्ज किए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों के हुलिए और भागने के रास्ते की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि संदिग्धों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

**दुर्ग डीआईजी ने अफसरों के साथ किया मुआयना** एक ही दिन में चैन स्नैचिंग की दो वारदातों ने पुलिस महकमे को हैरत में डाल दिया। लंबे अंतराल के बाद चैन स्नैचिंग की वारदात हुई है। लिहाजा पेशेवर गिरोह के शहर में दस्तक की संभावना नजर आ रही है। इसे देखते हुए दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने दोनों ही घटना स्थल का मुआयना कर चैन स्नैचिंग की शिकार महिलाओं से बात की। इस दौरान सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी सहित भिलाई भट्ठी और सुपेला थाने के स्टाफ व एंटी क्राइम एवं साईबर यूनिट का अमला मौजूद रहा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों ही वारदात में शामिल आरोपियों को शीघ्र दबोचने का निर्देश अधीनस्थों को दिया है

### गांजा तस्करी के चार आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक लाख का अर्थदंड

**कोंडागांव, 31 जुलाई।** जिले के बहुचर्चित गांजा तस्करी प्रकरण में कोंडागांव के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए फरसगांव निवासी कथित सरगना समेत चार आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा नहीं करने की स्थिति में प्रत्येक दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। न्यायालय के इस फैसले को जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कानूनी कार्रवाई माना जा रहा है। प्रकरण के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 मई 2024 को तत्कालीन एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में फरसगांव पुलिस टीम ने एनएच-30 स्थित बिजली कार्यालय के सामने वाहन जांच के दौरान 10 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेसी-9732 को रोककर तलाशी ली थी।

### भारतमाला से जगदलपुर को जोड़ने, फोरलेन और राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की रखी मांग

# बस्तर में सड़कों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले सांसद महेश कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 31 जुलाई।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बस्तर संभाग में सड़क अधोसंरचना के व्यापक विकास के लिए महत्वपूर्ण मांगें रखीं। सांसद ने क्षेत्र के समग्र विकास, व्यापारिक गतिविधियों, पर्यटन और बेहतर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सड़क परियोजनाओं से संबंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा। सांसद ने कहा कि सुरक्षा बलों के लगातार प्रयासों से बस्तर में नक्सल प्रभाव में कमी आई है, जिससे विकास और निवेश की नई संभावनाएं पैदा हुई हैं। ऐसे समय में आधुनिक और मजबूत सड़क नेटवर्क क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जगदलपुर-नगरनार-ओडिशा सीमा मार्ग को एनएमडीसी स्टील प्लांट की जरूरतों को देखते हुए फोरलेन बनाने की मांग की। साथ ही जगदलपुर-दंतेवाड़ा-बीजापुर-भोपालपटनम-तेलंगाना सीमा राष्ट्रीय राजमार्ग को भी फोरलेन विकसित करने का प्रस्ताव रखा, ताकि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के बीच आवागमन एवं व्यापार को गति मिल सके।पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद ने जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग के फोरलेन निर्माण की मांग भी की, जिससे विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात तक देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की यात्रा अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो सके।इसके अलावा सांसद महेश कश्यप ने जगदलपुर को भारतमाला परियोजना के आर्थिक गलियारों से जोड़ने, शहर में रिंग रोड और बायपास निर्माण, बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों को उच्च गुणवत्ता वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जोड़ने के लिए विशेष विकास पैकेज स्वीकृत करने का आग्रह किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ब्लैक स्पॉट सुधार, आवश्यक स्थानों पर पुल, फ्लाईओवर और रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग भी उठाई।सांसद महेश कश्यप ने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के स्वीकृत होने से बस्तर में व्यापार, उद्योग, रोजगार और पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा पूरा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

# धोखाधड़ी, महिला पर अपराध दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 जुलाई।** भिलाई सरकारी योजनाओं में निवेश कर लाखों रुपये का लाभ दिलाने का झांसा देकर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश पर सुपेला पुलिस ने एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। आरोपी महिला पर कुल 4.50 लाख तथा सोने-चांदी के जेवर लेकर ठगी करने का आरोप है सुपेला पुलिस ने बताया कि फरीद नगर कोहका निवासी रूबी खातून (33 साल ) ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि उसकी परिचित सबीना खान (45 साल ) निवासी संजय नगर तालाब के पास सुपेला ने विभिन्न सरकारी योजनाओं में निवेश कराने और भविष्य में अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर उससे चरणबद्ध तरीके से नकद राशि और सोने-चांदी के आभूषण प्राप्त किए। परिवाद में बताया गया कि दोनों की पहचान विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित एक स्किल ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। इसके बाद आरोपी ने अलग अलग योजनाओं का हवाला देकर पहले 3,000, फिर 15,000 तथा बाद में कई किश्तों में 50,000, 70,000 30,000, 20,000 सहित कुल 4.50 लाख नकद और सोने की चेन, चांदी की पायल व अन्य आभूषण अपने पास ले लिए। आरोपी ने दावा किया था कि योजनाओं के परिपक्व होने पर रकम कई गुना होकर वापस मिलेगी।

# शिक्षा जीवन बदलने की सबसे बड़ी ताकत: वित्त मंत्री ओपी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 31 जुलाई ।** जिले के नगर पंचायत पुसौर में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव-2026 उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री तथा रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भवन के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा शिक्षा को उत्सव का स्वरूप देते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी, जिला पंचायत सदस्य श्री ब्रजेश गुप्ता, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक, श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल, नगर पंचायत पुसौर उपाध्यक्ष श्री उमेश साव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुसौर श्रीमती खीरमती चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री विकास केडिया, श्री जैमिनी गुप्ता, श्री अनुपम पाल, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू, एसडीएम श्री महेश शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन-अर्चन तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि किसी भी बच्चे के विद्यालय में प्रवेश के साथ ही उसके सपनों को नई उड़ान मिलती है। शिक्षा वह शक्ति है जो व्यक्ति का ही नहीं, पूरे समाज का भविष्य बदल सकती है। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य और योजनाबद्ध तैयारी से उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा तक का सफर तय किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुरूप मेहनत करें। केवल पढ़ाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी तय होना चाहिए कि जीवन में क्या बनना है। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के अनेक शैक्षणिक संस्थान और अवसर उपलब्ध हैं, जिनकी जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। यदि कोई विद्यार्थी राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करता है तो उसे हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रतिभाशाली अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली भेज रही है, जहां रहने और पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा के सामने गरीबी कभी बाधा नहीं बन सकती।

वित्तमंत्री श्री चौधरी ने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जिन शिक्षकों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, उनका मंच से सम्मान भी किया गया। उन्होंने प्राचार्यों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ऐसे उत्कृष्ट विद्यालय विकसित करें, जहां अपने बच्चों का प्रवेश दिलाने के लिए लोग स्वयं आग्रह करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए पुसौर में भी नर्सिंग कॉलेज और नालंदा परिसर बनाया जा रहा है।

### मेधावी, दिव्यांग छात्रा और सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र के 50 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पूर्णतः दृष्टिबाधित छात्रा कामिनी यादव को 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। स्कूली छात्राओं को सायकल और नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तकें, गणवेश तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की बड़ी भागीदारी ने शाला प्रवेशोत्सव को जनउत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

## एक नजर

### लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में विभिन्न ट्रेडों के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रवेश शुरू

**रायगढ़, 31 जुलाई ।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न ट्रेडों में नि:शुल्क गैर-आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इच्छुक युवक-युवतियां निर्धारित योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज में इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन, जल वितरण संचालक (नल जल मित्र), सोलर पी.वी. इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), फ्रंटलाइन हेल्थ केयरगिविंग एसोसिएट (नर्सिंग), जीएसटी असिस्टेंट तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों के लिए नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना, 30 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 31 जुलाई ।** राज्य सरकार की दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना को अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा योजना को भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर ऑनबोर्ड कर दिया गया है। अब दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी जाएगी।उप संचालक समाज कल्याण से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 जुलाई 2026 से शुरू हो चुके हैं। पात्र छात्र-छात्राएं 30 सितंबर 2026 तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में संबंधित विद्यालय अथवा शिक्षण संस्था द्वारा आवेदनों की जांच की जाएगी, जिसकी अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2026 निर्धारित है।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 31 जुलाई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) के अंतर्गत आंगनबाड़ी सह पालना केन्द्र प्रेमनगर, वार्ड क्रमांक 27 में पालना सहायिका के 01 रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदिकाएं 11 अगस्त 2026 तक महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल ूण्म.ईींतजपण्पद पर आवेदन कर सकती हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, नियम एवं शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### जिले में 527.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 31 जुलाई।** रायगढ़ जिले में 30 जुलाई तक 527.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 720.4 मिली मीटर, पुसौर में 590.5, खरसिया में 478.3, घरघोड़ा में 363.4, तमनार में 705.2, लैलूंगा में 459.6, मुकडेगा में 413.5, धरमजयगढ़ में 340.1, छाल में 549.4 एवं कापू में 655 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## छुरा का सैकड़ों वर्ष पुराना वट वृक्ष गिरा, हजारों लोगों की आंखें हुईं नम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 31 जुलाई।** छुरा नगर के मध्य स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना विशाल वट (बरगद) वृक्ष गुरुवार को लगातार हो रही बारिश के कारण जड़ सहित धराशायी हो गया। जैसे ही इसकी खबर नगर और आसपास के गांवों में फैली, हजारों लोगों का हुजूम मौके पर उमड़ पड़ा। लोगों ने इस घटना को केवल एक पेड़ का गिरना नहीं, बल्कि नगर के इतिहास, संस्कृति और आस्था के एक जीवंत प्रतीक का अंत बताया। यह वट वृक्ष गुलाम भारत, रियासतकाल, राजतंत्र और स्वतंत्र भारत के लोकतंत्र तक का मूक साक्षी रहा। सनातन धर्म में वट सावित्री व्रत के अवसर पर वर्षों से विवाहित महिलाएं इसी वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना करती रही हैं। वृक्ष के नीचे ग्राम देवता ठाकुर दिया विराजमान हैं, जिसके कारण यह स्थान श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र भी माना जाता है। विशालकाय वट वृक्ष हजारों पक्षियों, चमगादड़ ,गिलहरियों और अन्य जीव-जंतुओं का आश्रय था। इसकी घनी छांव राहगीरों को तपती गर्मी से राहत देती थी। वर्षों से लोग इस वृक्ष को पहचान के रूप में इस्तेमाल करते थे और हजारों घरों का पता भी इसी वट वृक्ष के नाम से बताया जाता था। इसके गिरने से नगरवासियों में गहरा दुख और भावुकता का माहौल है।

घटना के दौरान वृक्ष बिजली के तारों पर गिर गया, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सौभाग्य से गुरुवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण बाजार और अधिकांश दुकानें बंद थीं, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही प्रशासन और विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू किया।छुरा नगर का सैकड़ों वर्ष पुराना ऐतिहासिक व आस्था का प्रतीक वट वृक्ष जड़ सहित धराशायी होने के बाद मौके पर उमड़ी लोगों की भारी भीड़। यह वृक्ष वर्षों से वट सावित्री पूजा, ग्राम देवता ठाकुर दिया के स्थल, राहगीरों की छांव और हजारों पक्षियों के आश्रय के रूप में प्रसिद्ध था।

## वीएसके एप में तकनीकी त्रुटियों का होगा शीघ्र समाधान, तकनीकी समस्या के कारण किसी शिक्षक का वेतन नहीं कटेगा : गजेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 31 जुलाई ।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने कहा है कि शिक्षक संगठनों एवं शिक्षकों द्वारा वीएसके ऐप में आ रही तकनीकी त्रुटियों एवं एरर संबंधी शिकायतों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वीएसके ऐप में आने वाली तकनीकी समस्याओं के कारण किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं काटा जाएगा। शिक्षकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।श्री यादव ने बताया कि संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी टीम को वीएसके ऐप में आ रही सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि 15 अगस्त तक ऐप में आ रही तकनीकी खामियों का समाधान कर इसे पूरी तरह सुचारु बनाया जाए, ताकि शिक्षकों को बिना किसी परेशानी के अपनी ऑनलाइन



उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा मिल सके।शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के लगभग 1 लाख 75 हजार शिक्षकों में से लगभग डेढ़ लाख शिक्षक लगभग 85 प्रतिशत शिक्षक प्रतिदिन ऐप के माध्यम से अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि प्रदेश के शिक्षक नई तकनीक को अपनाते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं आधुनिक बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षक केवल शिक्षण कार्य ही नहीं, बल्कि डिजिटल व्यवस्था को सफल बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सरकार उनके इस सहयोग, अनुशासन और समर्पण का सम्मान करती है। शिक्षकों के सुझावों और अनुभवों के आधार पर वीएसके ऐप को और अधिक सरल, उपयोगी एवं प्रभावी बनाया जाएगा।श्री गजेंद्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के सम्मान, सुविधा और हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यदि किसी शिक्षक को तकनीकी कारणों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में कठिनाई आती है, तो उसके हितों की पूरी सुरक्षा की जाएगी। किसी भी शिक्षक को तकनीकी खामी का खामियाजा नहीं भुगतना पड़ेगा।उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूर्व की भांति वीएसके ऐप का उपयोग करते रहें तथा यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या या सुझाव हो तो उसे संबंधित अधिकारियों तक अवश्य पहुँचाएँ। सरकार प्रत्येक सुझाव का सकारात्मक परीक्षण कर आवश्यक सुधार करेगी, ताकि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी एवं तकनीक-सक्षम बन सके।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 4 अगस्त को

**रायगढ़, 31 जुलाई।** जिला पंचायत रायगढ़ की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 4 अगस्त 2026 को शाम 4 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति करेंगे। बैठक में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के अंकेक्षण, खाद एवं बीज भंडारण की स्थिति तथा अनियमितताओं पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही अपेक्स बैंक की कार्यप्रणाली एवं आगामी धान उपार्जन की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानों की स्थिति, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, मितव्ययता एवं अल्पबचत, बाजार एवं सांख्यिकी से जुड़े विषयों एवं सभापति की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

## रायगढ़ को मिली इंडियन ओवरसीज बैंक की नई सौगात, वित्त मंत्री ने किया रायगढ़ में नवीन शाखा का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 31 जुलाई।** शहर के चैतन्य नगर स्थित कृष्णा क्राउन कॉम्प्लेक्स में इंडियन ओवरसीज बैंक की नवीन शाखा का लोकार्पण गुरुवार को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर बैंक की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार केवल वित्तीय सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और आम नागरिकों तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है।

कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक (रायपुर) श्री गौरी शंकर नायक,सहित जनप्रतिनिधियों, बैंक



अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट के साथ हुआ। इसके बाद बैंक अधिकारियों ने अतिथियों को शाखा में उपलब्ध आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल सेवाओं तथा विभिन्न ग्राहक हितैषी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। नई शाखा में बचत एवं चालू खाते खोलने की सुविधा के साथ इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम सेवा, डिजिटल बैंकिंग, कृषि एवं व्यवसायिक ऋण सहित अनेक आधुनिक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे क्षेत्र के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुगम बैंकिंग सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रत्येक नागरिक तक सुरक्षित, पारदर्शी और सुलभ बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि बैंक की नई शाखा खुलने से स्थानीय व्यापारियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं उद्यमियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री गौरी शंकर नायक ने कहा कि बैंक आधुनिक तकनीक आधारित सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर, तेज और भरोसेमंद बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रायगढ़ की यह नई शाखा ग्राहकों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरेगी और क्षेत्र में बैंक की सेवाओं को नई पहचान दिलाएगी।समारोह में नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, एमआईसी सदस्य श्री मुक्तिनाथ, श्री पवन अग्रवाल, इंडियन ओवरसीज बैंक के राज्य विपणन प्रमुख एवं आईटी उत्पाद के वरिष्ठ प्रबंधक श्री बृजेश सिंह गौतम, रायगढ़ शाखा प्रबंधक श्री प्रताप कुमार प्रधान, सहायक प्रबंधक श्री जयराम दोराई, लिपिक श्री संजय डे सहित बैंक के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने विकास कार्यों का किया मैदानी निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 31 जुलाई।** शहर के प्रमुख विकास कार्यों को गति देने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज मरीन ड्राइव, कयाघाट पुल, गोगा नाला, नटवर स्कूल तथा प्यासा मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान बाढ़ सुरक्षा, शहरी अधोसंरचना, खेल सुविधाओं तथा जनसुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने मरीन ड्राइव एवं कयाघाट पुल में निर्माण कार्यों की प्रगति, आवागमन की वर्तमान स्थिति तथा नागरिक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण हों तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोगा नाला का निरीक्षण कर प्रस्तावित पुल निर्माण एवं नाला विस्तारीकरण परियोजना की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना पूरी होने के बाद वर्षा ऋतु में जल निकासी व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी, शहर में जलभराव की समस्या कम होगी तथा बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने में भी मदद मिलेगी।कलेक्टर ने परियोजना के तकनीकी पहलुओं की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्यासा मैदान का भी निरीक्षण किया।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्रीखुर्द में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन, नेहरू राम साहू बने अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 31 जुलाई ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्रीखुर्द में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) की बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में पालकों की सर्वसम्मति से नेहरू राम साहू को अध्यक्ष एवं पुष्पा साहू को उपाध्यक्ष चुना गया।समिति में देवेंद्र वर्मा (सरपंच), अरुण वर्मा, घनश्याम साहू, पुरुषोत्तम मारकंडेय, ममता सोनी, सीमा यादव, कैमरा साहू, आशाबाई, द्रौपदी साहू, तिलेश्वरी निर्मलकर तथा रीमन बाई को सदस्य बनाया गया। अखिलेश्वर वर्मा को कोषाध्यक्ष एवं ठाकुर राम साहू को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में पूर्व अध्यक्ष टोपेश कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। सरपंच ने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शत-प्रतिशत प्रवेश, बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, मध्यान्ह भोजन की निगरानी तथा विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने में विद्यालय प्रबंधन समिति की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नेहरू राम साहू का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बाल कैबिनेट का गठन-बैठक के दौरान विद्यालय में बाल कैबिनेट का भी गठन किया गया। इसमें लकी ढीढी को प्रधानमंत्री, कमल नारायण को वित्त मंत्री, नमन चक्रधारी को शिक्षा मंत्री, संजय यादव को खेल एवं संस्कृति मंत्री, डोगेश्वरी टंडन को पर्यावरण मंत्री, कुमारी दुर्गा ध्रुव को खाद्य मंत्री, मुकुंद वर्मा को रक्षा मंत्री तथा अर्शी शमा को महिला एवं बाल विकास मंत्री चुना गया।शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा में चयनित छात्राओं कुमारी यामनी साहू, कुमारी तेजस्विनी एवं कुमारी तेजेश्वरी का सम्मान किया गया। चयनित छात्राओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।बैठक में प्रधान पाठक ठाकुर राम साहू, शिक्षक वीरेंद्र पवार, अखिलेश्वर वर्मा, भुनेश्वर साहू सहित पालकगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मूसलाधार बारिश से बढ़ा नदी का जलस्तर, पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना की संयुक्त टीम ने दिखाई बहादुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**राजिम, 31 जुलाई** गरियाबंद जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना की संयुक्त टीम ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए पैरी नदी में फंसे एक परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। करीब पांच घंटे तक चले चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू अभियान के बाद पति-पत्नी और उनके तीन छोटे बच्चों को सकुशल बचा लिया गया।जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे से जिले में लगातार बारिश के कारण पैरी नदी सहित अधिकांश नदी-नाले उफान पर हैं। बुधवार शाम काश सोहागपुर क्षेत्र में पैरी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से एक गौशाला चारों ओर से पानी से घिर गई, जिसमें एक दंपति अपने तीन बच्चों के साथ फंस गया।घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार, पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश और सिकासार जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का बहाव काफी तेज था। विषम परिस्थितियों के बावजूद जवानों ने रस्सियों, लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों की सहायता से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।लगातार पांच घंटे तक चले कठिन अभियान के बाद देर रात सभी पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। परिवार के सकुशल बाहर आने पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और रेस्क्यू दल के साहसिक कार्य की सराहना की।लगातार बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से उफनती नदी-नालों के पास नहीं जाने, अनावश्यक जोखिम से बचने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस या जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना देने की अपील की है।

# वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 30 जुलाई ।** कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर लगातार हो रही वर्षा से उत्पन्न हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलभराव, सड़क संपर्क, नदी-नालों की स्थिति तथा आमजन की सुरक्षा से जुड़े व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पंटोरा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां लगातार बारिश के कारण अत्यधिक जलभराव होने से आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई थी। उन्होंने अधिकारियों को अवागमन



व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस, राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने और प्रभावित क्षेत्रों में आम नागरिकों की सुरक्षा को विशेष ध्यान देने को कहा।

कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि नदी, नालों एवं पुल-पुलियों पर अनावश्यक आवाजाही से बचें। तेज बहाव वाले क्षेत्रों में प्रवेश न करें तथा बच्चों को नदी किनारे जाने से रोकें। पशुओं को भी नदी के समीप चराने या बांधने से बचें। बारिश की स्थिति के अनुसार जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा बढ़ाई जा सकती है, इसलिए सभी नागरिक सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने मैनपुर क्षेत्र के अड़गड़ी नाला में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा बारिश के दौरान निर्माण कार्य में आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए कहा। उन्होंने पुल निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री उइके ने आदिवासी बालक आश्रम तौरेंगा का निरीक्षण कर बच्चों से सवाल भी पूछे।

कलेक्टर श्री बीएस उइके ने मैनपुर विकासखंड स्थित आदिवासी बालक आश्रम तौरेंगा का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में रह रहे बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई दैनिक दिनचर्या एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक प्रगति का भी आकलन किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आश्रम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, भोजन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए चिकित्सकों को बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करने के भी निर्देश दिये।

# विद्यार्थियों को दिए गए यातायात व साइबर सुरक्षा के टिप्स

- सिमगा यातायात पुलिस ने नवागांव, दामाखेड़ा व बनसंकरा स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 31 जुलाई।** सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से सिमगा यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नवागांव, दामाखेड़ा एवं बनसंकरा में यातायात एवं साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

यातायात पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पार करते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में सिमगा यातायात थाना के सहायक उप निरीक्षक जागेश्वर ध्रुव ने साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए विद्यार्थियों को किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, सीवीवी नंबर या पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी।

उन्होंने संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने, फर्जी कॉल और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा किसी भी साइबर अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। विद्यार्थियों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### ट्रांसपोर्ट नगर बनाने राज्य शासन ने स्वीकृत किए 16.41 करोड़



- उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद स्वीकृति आदेश जारी

**बलौदाबाजार, 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बलौदाबाजार नगर पालिका में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 16 करोड़ 40 लाख 77 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं मानदंड सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में अब तक 618.8 मिमी वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 30 जुलाई 2026 तक 618.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 869मिमी, बलौदाबाजार में 743.2 मिमी, लवन604.6मिमी, भाटापारा में 550.7 मिमी, कसडोल 547.5 मिमी, पलारी में 641.9मिमी, सुहेला 512.6मिमी, सिमगा में 475.6 मिमी एवं सोनाखान 623.8 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 5569.9मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 618.8 मिमी है।

महानदी के उफान के बीच बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का लाइफ सेविंग रेस्क्यू ऑपरेशन सफल

# उफनती महानदी में फंसे चार ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

- चारों तरफ पानी से घिरे ग्राम तुरमा में जेसीबी, ट्रैक्टर और बोट के सहारे पहुंची पुलिस व नगर सेना की रेस्क्यू टीम
- अंधेरे में टॉर्च एवं मोबाइल फ्लैशलाइट की रोशनी में 05 घंटे तक चला मध्यरात्रि का साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन
- अमेरा नगर सेना गोताखोर टीम, पुलिस टीम और ग्रामीणों के आपसी समन्वय से टला हादसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 31 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में मानसूनी बारिश और उफनती नदियों के बीच पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल नेतृत्व में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा व जीवन रक्षा हेतु पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है। इसी कड़ी में 30 जुलाई को थाना लवन क्षेत्रांतर्गत ग्राम तुरमा में उफनती महानदी एवं स्थानीय नाले के जलभराव में फंसे एक ही परिवार के 04 सदस्यों को मौत के मुंह से सुरक्षित निकालकर पुलिस टीम ने मानवता और कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की है।

**महानदी और नाले के पानी से चारों ओर से घिरा था मकान:** ग्राम तुरमा स्थित महानदी के किनारे बने एक मकान में रह रहे 4 ग्रामीण (2 पुरूष एवं 2 महिला) उफनती महानदी और नाले के बढ़े हुए जलस्तर के कारण चारों तरफ से बाढ़ के पानी में बुरी तरह घिर गए थे। संबंधित परिवार को पूर्व में ग्राम कोटवार के माध्यम से अलर्ट किया गया था, परंतु किन्हीं कारणों से वे समय पर बाहर नहीं निकल सके थे। बाढ़ का पानी अचानक तेजी से बढ़ने से स्थिति अत्यंत गंभीर व चिंताजनक हो गई थी, जिसके कारण गांव तक पहुँचना पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका था।

**चुनौतीपूर्ण स्थिति में पुलिस अधीक्षक का तत्काल रेस्क्यू निर्देश:** सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आपातकालीन राहत व बचाव टीम को तत्काल मौके पर रवाना होने के निर्देश दिए। बाढ़ के प्रचंड प्रवाह के बीच रास्ता न होने पर ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल जेसीबी एवं ट्रैक्टर की व्यवस्था की गई, जिसके माध्यम से रेस्क्यू टीम, बोट (नाव) एवं अन्य जीवनरक्षक उपकरणों के साथ शाम लगभग 6 बजे ग्राम तुरमा के प्रभावित स्थल पहुँची।

**टॉर्च की रोशनी में चला 5 घंटे का रेस्क्यू**

अमेरा नगर सेना की गोताखोर टीम, निरीक्षक लखेश कंवट, निरीक्षक धीरेंद्र दुबे एवं थाना लवन पुलिस टीम ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर साहसिक बचाव कार्य प्रारंभ किया। रात का घना अंधेरा और महानदी का तेज बहाव रेस्क्यू ऑपरेशन में बड़ी बाधा बन रहा था, परंतु पुलिस जवानों ने हार न मानते हुए टॉर्च, मोबाइल फ्लैशलाइट एवं सर्चलाइट की रोशनी के सहारे जोखिम भरा रेस्क्यू अभियान जारी रखा। लगातार 5 घंटे तक चले इस कठिन ऑपरेशन के बाद रात 11 बजे बाढ़ के उफनते पानी में फंसे सभी 4 ग्रामीणों को सकुशल सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समय रहते पुलिस प्रशासन एवं रेस्क्यू टीम के मौके पर पहुँचने से एक बड़ा हादसा टल गया।

## समाचार संक्षेप

### ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र : भाममो ने सैनिकों के लिए भेजी राखियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 31 जुलाई।** देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल द्वारा सैनिक भाइयों के लिए रक्षा सूत्र (राखियां), बच्चों द्वारा लिखे गए भावनात्मक पत्र एवं छत्तीसगढ़ की पावन माटी संग्रहित कर जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा को सौंपे गए। भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल की अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई राखियां, सैनिकों के नाम लिखे गए प्रेरणादायी संदेश तथा छत्तीसगढ़ की पवित्र माटी एकत्रित कर अभियान के तहत प्रेषित की गई।

इस अवसर पर रानी सौरभ जैन ने कहा कि हमारी सेना के जवान देश की सीमाओं पर दिन-रात राष्ट्र की सुरक्षा में समर्पित रहते हैं। ऐसे वीर सैनिकों तक बहनों के स्नेह, बच्चों के प्रेम और छत्तीसगढ़ की माटी का आशीर्वाद पहुंचाना हम सभी के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत एकत्रित सभी रक्षा सूत्र, पत्र एवं माटी को जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा के माध्यम से देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक भेजा जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा व संत रविदास जयंती मनाई गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 31 जुलाई।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास को नमन करते हुए भाजपा तिल्दा शहर मंडल एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में मठ-मंदिर एवं शिवालयों में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम बड़े श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित चंद्रकला वर्मा पुष्पराज वर्मा लुकराम बघेल सहित मंडल के समस्त देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने गुरु रविदास जी के विचारों को स्मरण कर समाज में समरसता और एकता का संदेश दिया।

### कोहका महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 31 जुलाई।** शासकीय कला वाणिज्य एवं विज्ञान कालेज कोहका में जनभागीदारी समिति की बैठक एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मति चंद्रकला वर्मा की उपस्थित में प्राचार्य एम एल वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि, राम पंजवानी, बी एन बी हाईस्कूल प्राचार्य राजेश चंदानी, जनभागीदारी समिति सदस्य विजय ठाकुर, अनिल वर्मा एवं, अध्यापकगण उपस्थित रहे

# नयापारा वार्ड में सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 31 जुलाई।** नयापारा वार्ड में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित वार्डवासी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

**अश्वनी शर्मा बोले, हर वार्ड तक पहुंचे विकास':** भूमिपूजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर के विकास को लेकर नगर पालिका परिषद पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। विकास का लाभ शहर के हर वार्ड और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, यही प्राथमिकता है।उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़क बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को ऐसी मूलभूत सुविधाएं देना है, जिससे उनका दैनिक जीवन आसान और सुविधाजनक हो। नयापारा वार्ड में सीसी रोड और नाली निर्माण से आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा।

शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जहां सड़क की आवश्यकता है, वहां सड़क; जहां नाली की जरूरत है, वहां नाली और जहां अन्य मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां उन कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

**वार्डवासियों में दिखा उत्साह:** नयापारा वार्ड में लंबे समय से आवश्यक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के प्रारंभ होने पर वार्डवासियों में उत्साह देखा गया। नागरिकों ने विकास कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं नगर पालिका परिषद का आभार जताया। इस अवसर पर सभापति मनीष मिश्रा, संतीश साहू, बब्बू मंधान, गायत्री आडिल, सुधीर मिश्रा अनिल मिश्रा पप्पू पांडेय एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

# सेम्हराडीह के युवाओं ने थामा भाजपा का दामन, शिवरतन ने दिलाई सदस्यता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 31 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, रीति-नीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेम्हराडीह के युवाओं ने गुरुवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशीष टोडर एवं स्थानीय युवा नेता संदीप वर्मा के नेतृत्व में उपसरपंच अमरनाथ वर्मा, पंच दुकालू यादव, पूर्व उप सरपंच लेखराम ध्रुव, शैलेंद्र यादव, ओमप्रकाश ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, पोषण ध्रुव, विमल कन्नौज, किशन कन्नौज, विक्रम वर्मा, राकेश यादव, राजू पाल, आशीष यादव ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के निवास कार्यालय पहुंचकर सदस्यता ग्रहण की। शिवरतन शर्मा ने सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को पार्टी का भगवा गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय अभिनंदन किया..।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे चहुंमुखी विकास को देखकर आज युवा वर्ग बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़ रहा है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, जैसी योजनाओं ने हर वर्ग का विश्वास जीता है। सेम्हराडीह के इन ऊर्जावान युवाओं के आने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। सदस्यता ग्रहण के दौरान शिवरतन शर्मा ने सभी नए सदस्यों से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं हेमलता मरार पति संतोष मरार निवासी ग्राम पोष्ट-देवकटटा थाना-तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं वर्तमान निवासी कल्लमटोला पोष्ट-नागरकोहरा थाना चौकी चिचोला तहसील छुरिया जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे राजस्व अभिलेख में नाम हीरो बाई HIRO BAI पिता गैंदसिंह GAIND SINGH अंकित हैं एवं मैं अपने नया नाम विवाह उपरांत परिवर्तन कर हेमलता मरार पति संतोष मरार HEMLATA MARAR W/O SANTOSH MARAR के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(हेमलता मरार)

## NOTICE
U/2 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

Notice is hereby given to all concern that **"M/s, PARAMARSH COMMUNICATIONS"** Raipur (CG) **Registration No. 222202160382 Dated 16.03.2021** has undergone the following changes:

1. That the Head Office of the firm shall be at **"Near National Convent School, In front of Old Toll Plaza, Ring Road No-1, Shree Ram Nagar, Changorabhata, Raipur (C.G.)"** from Shop No.7, First Floor, Kankali Hospital Commercial Complex, Brahman Para, Tatya Para Road, Raipur (C.G.)," w.e.f. 01st Day of April, 2026
2. That the **Shri Jinendra Parakh** Retired on w.e.f. 08th Day of January, 2026 and ceased a partner with effect from that date.

**For, PARAMARSH COMMUNICATIONS**

**(HARSH DUBEY)**
**PARTNER**

**Place: Raipur (C.G.)**
**Dated: 01-04-2026**


# नन्हे-मुन्नों से किया संवाद, स्कूली बच्चों को दिये कैरियर टिप्स

कलेक्टर ने सुहेला में स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

- कुपोषित बच्चों को ईमानदारी के साथ पौष्टिक लड्डू वितरण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 31 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सुहेला में आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपोषित बचपन अभियान के तहत कुपोषित बच्चों को लड्डू वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने, बच्चों के भाषा विकास एवं साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश कार्यकर्ता एवं सहायिका को दिये।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि कुपोषण मुक्ति के लिये जिला प्रशासन द्वारा सुपोषित बचपन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 6 दिन एक - एक पौष्टिक लड्डू खिलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या, औसत उपस्थिति, कुपोषित बच्चों की संख्या, लड्डू की उपलब्धता, बच्चों कुपोषित बच्चों को लड्डू वितरण आदि की जानकारी ली। उन्होंने 2 कुपोषित बच्चों को नियमित रूप से लड्डू वितरण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अगले 15 दिन में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही नियमित गृहभेट कर बच्चों के अभिभावकों से बच्चों की बेहतर देखभाल एवं पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी देने कहा। इस दौरान बच्चों के भाषा विकास के लिये रंगों, आकार, पशु -पक्षियों के नाम, चित्रों की पहचान कराने कहा। उन्होंने रसोई घर का अवलोकन करते हुए साफ़ सफाई पर धयान देने कहा।

कलेक्टर शर्मा ने केन्द्र में उपस्थित नन्हे -मुन्ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनसे कविता, गिनती एवं रंगों के नाम पूचे।इसके साथ ही रेडी -टू ईट में क्या- क्या मिलता है। कई बच्चों ने सुंदर कविता, गिनती, एबीसीडी सुनाया।इस दौरान उन्होंने सरपंच और सचिव को भी आंगनबाड़ी केन्द्र का नियमित निरीक्षण करने कहा।इसके पश्चात कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10 वी के बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछ -ताछ की। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते कहा क़ि 10 वी कक्षा में ही अपने करियर के बारे में सोच कर रखें और उसे पूरा करने के लिये मन लगाकर पढ़ाई करें। सपने तभी पूरे होते है जब नियमित मेहनत करते है। उन्होंने कहा क़ि बाधा भी कई आएंगे लेकिन उससे घबराना नहीं है उसका मुकबला करते हुए आगे बढ़ना है।

उन्होंने कक्षा 4थी के बच्चों से भी आत्मीय संवाद किया और अंग्रेजी के कुछ पाठ पढ़ने कहा। उन्होंने पाठ से सम्बंधित कुछ प्रश्न भी पूछे। इसीतरह यातायात संकेत और उसके उपयोग के बारे में भी सवाल कर बच्चों के ज्ञान को परखा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अतुल शेट्टे, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, तहसीलदार के. के. वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सड़क मरम्मत कार्य में निर्माण सामग्री चोरी की शिकायत, जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 31 जुलाई।** सिमगा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 1 में लंबे समय से खराब पड़ी सड़क की मरम्मत का कार्य भूमि पूजन और ठेका प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रारंभ किया गया है। हालांकि, निर्माण कार्य शुरू होते ही रेत, गिट्टी और सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री चोरी होने की शिकायत सामने आई है। इससे सड़क निर्माण कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण सामग्री की चोरी लगातार होती रही तो विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा दोनों प्रभावित होंगी। उनका मानना है कि केवल नगर पालिका या सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है, बल्कि आम जनता का सहयोग भी आवश्यक है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण सामग्री की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए तथा चोरी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क मरम्मत कार्य बिना किसी बाधा के समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो सके।


## कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Emailid:- barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक/646/लो.नि.शा./न.पं./2026-27 बारसूर, दिनांक 29/07/2026

-::ई-प्रोक्युरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना::-

Main Portal: (https://eproc.cgstate.gov.in)

नगर पचायत बारसूर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 196357 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and Construction of Compost Plant in Municipal Areas of Barsur, Chhattisgarh. | 26.67 | 14.08.2026 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एव विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बारसूर**
**जिला-द.ब.दन्वेवाड़ा (छ.ग.)**

## एक नजर

### राधा कृष्ण मंदिर में रामचरितमानस का अखंड पाठ 7 सितम्बर तक

**रायपुर, 31 जुलाई।** राधा कृष्ण मंदिर संजय नगर में रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ होगा।यह जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के सुभाष तिवारी ने कहा रामचरितमानस का अखंड पाठ 7 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने श्रद्धालुभक्तों से राधा कृष्ण मंदिर के भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने सहयोग की अपील की है।

### राजधानी में सेल्युलर थेरेपी मीट

**रायपुर, 31 जुलाई।** ईस्टर्न इंडिया ब्लड मैरो एंड सेल्युलर थेरेपी मीट, स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन और सेल्युलर थेरेपी के क्षेत्र में जानकारी साझा करने, अनुभव के आदान-प्रदान और विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए एक प्रमुख एकेडमिक प्लेटफॉर्म है। इस साल, छत्तीसगढ़ हेमेटोलॉजी एसोसिएशन 31 जुलाई और 2 अगस्त 2026 को होटल सयाजी रायपुर, छत्तीसगढ़ में चौथी ईस्टर्न इंडिया ब्लड मैरो एंड सेल्युलर थेरेपी मीट आयोजित कर रहा है। इस साल के कॉन्फ्रेंस की थीम, Excellence in BMT, Closer to Home, मरीजों को उनके घर के पास ही उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती ट्रांसप्लांट केयर उपलब्ध कराने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में ट्रांसप्लांट सेंटरों द्वारा विश्व-स्तरीय देखभाल प्रदान करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति का भी जश्न मनाता है।

### होमलेन छत्तीसगढ़ में मजबूत

**रायपुर, 31 जुलाई।** भारत का अग्रणी टेक और एआई-सक्षम होम इंटीरियर्स ब्रांड होमलेन ने मध्य भारत के भिलाई, छत्तीसगढ़ में अपने नये एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के साथ अपनी मौजूदगी को अधिक मजबूत किया है। इस क्षेत्र का प्रमुख आवासीय और व्यावसायिक केंद्र होनेवाले सुपेला में स्थित यह 2,000 वर्ग फुट का विशाल स्टूडियो होमलेन का छत्तीसगढ़ में दूसरा एक्सपीरियंस सेंटर है। यह नया एक्सपीरियंस सेंटर सुपेला और पूरे भिलाई क्षेत्र में संगठित होम इंटीरियर समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की होमलेन की क्षमता को और अधिक मजबूत करता है। राज्य में अपनी मौजूदगी का विस्तार करते हुए, होमलेन का उद्देश्य अधिक से अधिक घर के मालिकों तक पहुंचना और अपने सुव्यवस्थित, डिज़ाइन-केंद्रित और तकनीक-सक्षम होम इंटीरियर समाधानों को पूरे छत्तीसगढ़ में पहुंचाना है।

### अमेजन डॉट इन पर 7 अगस्त से 'ग्रेट फ्रीडम सेल'

**रायपुर, 31 जुलाई।** अमेज़न इंडिया ने आज घोषणा की है कि ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 7 अगस्त को रात 12:00 बजे से लाइव होगी। इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, बड़े उपकरण, किराना, रोज़मर्रा की ज़रूरतों से जुड़ी चीज़ों और अन्य श्रेणियों में शानदार डील्स एक साथ मिलेंगी। सेल के दौरान, ग्राहक 'टॉप 100 डील्स', 'ब्लॉकबस्टर डील्स', 'ट्रेंडिंग डील्स' और '8 पीएम डील्स' और बहुत कुछ के ज़रिए बेहतरीन बचत की उम्मीद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईजीएमआई ट्रान्जैक्शन पर 10% की इंस्टेंट छूट और चुनिंदा क्रेडिट व डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ ?2,000 तक के कैशबैक रिवॉर्ड्स का लाभ उठा सकते हैं। विभिन्न श्रेणियों में मिलने वाली शानदार डील्स के अलावा, ग्राहकों को चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, एक्सचेंज ऑफर्स और अमेज़न पे रिवॉर्ड्स जैसे कई किफायती विकल्प भी मिलेंगे। देश के 100% सेवा योग्य पिन-कोड पर तेज़ और सुविधाजनक डिलीवरी के साथ, पूरे भारत के ग्राहक एक सहज और आसान शॉपिंग अनुभव का आनंद ले सकते हैं।

### जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

**रायपुर, 31 जुलाई।** जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में परम पूज्य 1008 यति प्रवर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ जी महाराज के पावन द्वितीय चातुर्मास व्रत अनुष्ठानमहामहोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव का प्रारंभ प्रातः काल 6:00 बजे मंगल आरती से हुआ। इसके बाद सिद्धेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया। फिर भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमांबा महारानी की श्रृंगार आरती किया गया। इस शुभ अवसर पर पूज्य स्वामी इंदु भवानंद जी महाराज ने चातुर्मास व्रतानुष्ठान संकल्प लेते हुए व्यास पूजा एवं गुरु पूजा करने हुए केला, सेवफल, अनानास, एवं अक्षत से अर्चन कर पूजन संपन्न किया। पूज्य महाराज द्वारा गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर अपने संबोधन में गुरु की महिमा पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में गुरु परिवार से जुड़े पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, मोतीलाल साहू, विधायक नंदे साहू, अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण एम एल पांडे, डीपी तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, योगेश तिवारी, भागीरथी पांडे, उप सरपंच बोरियाकला भरत साहू, खिलावन साहू, राधे साहू,महेंद्र वर्मा बलोदा बाजार, जीएस चौहान एवं अनिल पांडे सहित गुरु परिवार से जुड़े आसपास के श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# खजूर कारोबारी से स्टेट जीएसटी ने वसूला 1.30 करोड़ का जुर्माना

## विदेशों से खरीदी को लोकल बताकर कर रहा था टैक्स चोरी

**रायपुर, 31 जुलाई।** स्टेट जीएसटी विभाग को पहली बार खजूर के कारोबार में बड़ी पेनाल्टी की रकम मिली है। शहर के नामी कारोबारी साधुराम नेनूमल ने छापेमारी के बाद विभाग को एक ही बार में 1.30 करोड़ रुपए का कर अदा किया है।

जानकारी के अनुसार, विभाग के अफसरों को जानकारी मिली कि शहर में खजूर का कारोबार करने वाले एसएन ट्रेडर्स का देवपुरी में बड़ा गोदाम है। इसके अलावा वो गुढ़ियारी समेत कई जगहों से खजूर की खरीदी- बिक्री करता है। वो राज्य के चुनिंदा कारोबारियों में शामिल है, जो विदेश से खजूर की खरीदी कर और कई राज्यों में भेजता है। जीएसटी अफसरों को कारोबारी के मुख्य गोदाम की जानकारी नहीं मिल पा रही थी। आखिरकार विभाग को देवपुरी के बड़े गोदाम का पता मिल गया।

### पेन ड्राइव में मिला कारोबार का चिट्ठा

गोदाम में छापेमारी के दौरान शुरुआती जांच में अफसरों को कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली। लेकिन जांच के दौरान ही अफसरों को कबाड़ पर रखे एक कंप्यूटर में पेन ड्राइव लगी मिली। कंप्यूटर और पेन ड्राइव की जांच की गई तो करोड़ों के खजूर के कारोबार की जानकारी मिली।

इसके बाद अफसरों ने कच्चा कारोबार और रिटर्न में दिखाए कारोबार की पूरी जांच की। इसके बाद व्यापारी पर 1.30 करोड़ का जुर्माना लगाया गया। कारोबारी ने वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए जुर्माना जमा कर दिया है।



### बड़ा कारोबार होने से नहीं दे रहे थे टैक्स

खाद्य सामग्री होने की वजह से खजूर पर केवल 5 प्रतिशत का ही जीएसटी लगाया जाता है। इसके बावजूद कारोबारी टैक्स अदा नहीं कर रहा था। खासतौर पर सऊदी अरब से मंगाए जाने वाले खजूर की इंट्री ही नहीं की जा रही थी। कच्चे में जो कारोबार मिला उससे केवल एक तिहाई कारोबार ही पक्के में दिखाया जा रहा था। इंपोर्ट एक्सपोर्ट का कारोबार पूरी तरह से छिपा दिया गया। एसएन ट्रेडर्स के संचालक छत्तीसगढ़ के हर जिले के साथ ही पड़ोसी राज्य झारखंड, मध्यप्रदेश और ओडिशा में भी खजूर की सप्लाई करते थे। यही वजह है कि जीएसटी प्रतिशत कम होने के बावजूद उन्हें जुर्माना सवा करोड़ से ज्यादा देना पड़ा है।

# राजधानी में लव जिहाद : नाम बदलकर हिंदू युवती से शादी




**रायपुर, 31 जुलाई।** राजधानी रायपुर में एक लव जिहाद का मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने मुस्लिम युवक पर नाम बदलकर दोस्ती करने और शादी करने का आरोप लगाया है। यह पूरा मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता पंडरी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 6 साल पहले आरोपी सुफयान शेख ने अपना नाम सोनू बताया और शादी कर एक साल अपने पंडरी स्थित घर में नानी और बहनों के साथ रखा। इस दौरान पीड़िता ने गर्भवती होने के बाद एक बेटे को भी जन्म दिया। इस बीच आरोपी सुफयान शेख हत्या के प्रयास के मामले में जेल चला गया और एक साल से अधिक समय तक जेल में रहा। पीड़िता का आरोप है कि जेल से वापस आने के बाद सुफयान शेख उसे उसका बच्चा नहीं दे रहा था, जिसकी शिकायत करने वह आज पहुंची है।

वहीं आरोपी युवक के परिजनों का कहना है कि युवती को हम लोगों ने स्वीकार करते हुए अपने साथ रखा और वहीं भाई के जेल जाने के बाद आधार सेंटर जाकर खुद अपना नाम बदलवाया। जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता पंडरी थाने पहुंचे और युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं पंडरी थाना पुलिस इस पूरे मामले की जांच की बात कह रही है। इस पूरे मामले पर पुलिस आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# बीजेपी नेता के बेटे पर निगम आयुक्त के ड्राइवर से मारपीट का आरोप

**रायपुर, 31 जुलाई।** नगर निगम के जोन-4 में पदस्थ जोन आयुक्त के वाहन चालक के साथ मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ड्राइवर की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने बीजेपी पार्षद व जोन अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पीड़ित योगेन्द्र साहू (26), निवासी मठपुरैना, नगर निगम के जोन क्रमांक-4 की जोन आयुक्त दिव्या चन्द्रवंशी के वाहन चालक हैं। शिकायत के अनुसार, 30 जुलाई को जोन अध्यक्ष और बीजेपी पार्षद मुरली शर्मा के बेटे अनिल शर्मा ने उन्हें निगम कार्यालय बुलाया।

योगेन्द्र का आरोप है कि कार्यालय पहुंचते ही अनिल शर्मा ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। घटना में चालक के सिर और कलाई में चोटें आई हैं।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी अनिल शर्मा ने जोन आयुक्त दिव्या चन्द्रवंशी के साथ भी अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की। पीड़ित का दावा है कि आरोपी पहले भी निगम कर्मचारियों से मारपीट कर चुका है।

कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी अनिल शर्मा के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच जारी है।

# नीट पेपर लीक प्रदर्शन में अश्लीलता फैलाने वालों की पुलिस कर रही तलाश

**रायपुर, 31 जुलाई।** नीट-2026 पेपर लीक के विरोध में रायपुर समेत प्रदेश के तमाम जिलों में जेन-जी संगठन ने प्रदर्शन के दौरान लहराए गए आपत्तिजनक पोस्टरों और सोशल मीडिया पर वायरल फोटो- वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायतें पहुंची हैं। पुलिस ने इनके आधार पर संबंधित लोगों की पहचान शुरू कर दी है।

पुलिस पोस्टर लहराने वालों के साथ ही इन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड और प्रसारित करने वालों की भूमिका भी जांच कर रही है। प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को सोशल मीडिया की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टोरेट चौक स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के पास हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें कुछ नाबालिग भी थे। आरोप है कि उनके हाथों में भी अशोभनीय और अपशब्द लिखे पोस्टर थमाए गए। इसके साथ प्रदर्शन की अनुमति नहीं होने की भी चर्चा है।

**सार्वजनिक स्थान पर अश्लील प्रदर्शन अपराध :** जानकारों के अनुसार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक स्थान पर अश्लील पोस्टर लगाना या प्रदर्शित करना अपराध है। ऐसे मामलों में बीएनएस की धारा 294 के तहत कार्रवाई हो सकती है। पोस्टर में महिला का अशोभनीय चित्रण होने पर स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम भी लागू हो सकता है। सार्वजनिक शांति भंग होने या लोगों में क्षोभ फैलने की स्थिति में बीएनएस की धारा 296 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

## मलेरिया से मौत की सच्चाई छुपा रही सरकार : कांग्रेस

**रायपुर, 31 जुलाई।** चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पत्रकार वार्ता पर पलटवार करते हुए बड़ी सफाई से जमीनी सच्चाई को छुपाने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा है स्वास्थ्य मंत्री भाजपा सरकार की बड़ी असफलता कांकेर के आदिवासी हॉस्टल में चार बच्चों और सुदूर आदिवासी अंचल बोड़ला ब्लॉक कवर्धा में मलेरिया से हुई तीन मौतों की सच्चाई बताने का नैतिक साहस भी नहीं कर पाए। डॉ राकेश गुप्ता ने कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के अंतर्गत मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिन सहित डॉक्टर और नर्सों के घर-घर अभियान की सफलता से पॉजिटिव मलेरिया मरीजों की दर एक प्रतिशत से कम करने की सफलता का जिक्र करने का भी नैतिक साहस नहीं दिखा पाए, इसी सफलता को बरकरार रखने में असफल स्वास्थ्य मंत्री जी पिछले 3 वर्षों में मलेरिया रोकथाम के लिए अति आवश्यक प्राथमिक मलेरिया जांच अभियान और स्वास्थ्य विभाग में पनप रही कमीशन खोरी के कारण मेडिकेटेड मच्छरदानी खरीदी और वितरण में असफल रहे हैं।

# देश के पहले वंदे भारत प्लेटफॉर्म आधारित फ्रेट ईएमयू का परीक्षण प्रारंभ

**रायपुर, 31 जुलाई।** भारतीय रेल की माल परिवहन प्रणाली में एक नए तकनीकी युग की शुरुआत हो गई है। देश के पहले वंदे भारत प्लेटफॉर्म आधारित फ्रेट ईएमयू (सुपरफास्ट पार्सल रेक) का व्यापक तकनीकी परीक्षण 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो गया है।

लगभग एक माह तक चलने वाले इन परीक्षणों के दौरान इस अत्याधुनिक रेक का विभिन्न गति एवं परिचालन परिस्थितियों में परीक्षण किया जाएगा। यह उपलब्धि भारतीय रेल के उच्च गति माल परिवहन नेटवर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह देश का पहला 16 कोच वाला वंदे भारत प्लेटफॉर्म आधारित फ्रेट ईएमयू प्रोटोटाइप रेक है, जिसे इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई द्वारा विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य भारतीय रेल की तेज, समयबद्ध एवं आधुनिक पार्सल तथा लॉजिस्टिक्स सेवाओं को नई गति प्रदान करना है। वंदे भारत तकनीक पर आधारित यह रेक भविष्य में ई-कॉमर्स, एक्सप्रेस पार्सल, कोल्ड-चेन लॉजिस्टिक्स तथा समयबद्ध माल परिवहन को नई दिशा देगा। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा किए जा रहे इन परीक्षणों के लिए यह प्रोटोटाइप रेक आईसीएफ चेन्नई से लाया गया है। विस्तृत तकनीकी परीक्षण कोटाङ्गनागदाङ्गसवाई माधोपुर रेलखंड पर किए जा रहे हैं। परीक्षण श्रृंखला का औपचारिक शुभारंभ 29 जुलाई 2026 को हुआ। पहले दिन विशेष ट्रायल रेक प्रातः 6:00 बजे कोटा से महिदपुर रोड के लिए रवाना हुई।

# जल संचय और संरक्षण जरूरी : अरुण साव

**रायपुर, 31 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव आज जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणित गांवों की महिला सरपंचों के लिए ग्रामीण पाइपलाइन जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने नवा रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यशाला में महिला सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि जल आपूर्ति की योजनाओं के लंबे समय तक सुचारू संचालन के लिए बारिश के पानी का संचय और जल संरक्षण आवश्यक है। यह भूजल को रिचार्ज करने के साथ ही दीर्घ काल तक जल स्त्रोतों में जल की उपलब्धता बनाए रखेगा। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यशाला में सरपंचों से गांवों में हर घर नल से जल पहुंचने के बाद ग्रामीणों, खासकर महिलाओं के जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली। उन्होंने नल जल योजनाओं के संचालन-संधारण के लिए पंचायतों द्वारा की गई व्यवस्था के बारे में पूछा। उन्होंने गांवों में जलस्त्रोतों, जल की गुणवत्ता के नियमित परीक्षण तथा रखरखाव शुल्क की भी जानकारी ली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा यूनिसेफऔर एसीई संस्था के सहयोग से इस एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसमें करीब 100 महिला सरपंच शामिल हुईं।



कार्यशाला में हर घर जल प्रमाणित गांवों में नल जल योजनाओं के संचालन, संधारण और मरम्मत पर व्यापक विचार-विमर्श और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर गहन चर्चा की गई। महिला सरपंचों ने इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत अपनी-अपनी पंचायतों में जल आपूर्ति की व्यवस्था तथा नल जल योजना के संचालन-संधारण के अनुभव साझा किए। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने महिला सरपंचों को नल जल योजनाओं के सफल, निर्बाध और दीर्घकालीन संचालन के गुर बताए।

# इनरव्हील क्लब का सेवा प्रकल्प

**रायपुर, 31 जुलाई।** इनर व्हील क्लब ऑफरायपुर ग्रेटर द्वारा महासमुंद स्थित आर्ष ज्योति गुरुकुल में सेवा, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित बहुआयामी सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। क्लब की सचिव नेहा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति से हवन-पूजन के साथ हुआ। इसके बाद गुरुकुल परिसर में 30 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। क्लब द्वारा गुरुकुल को आवश्यक अनाज, 20 ट्यूब लाइट्स, दो कंप्यूटर एवं एक प्रिंटर भेंट किए गए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर रुचिता राव ने विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सत्र लिया। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चुनने, लक्ष्य निर्धारित करने तथा आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम क्लब की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान पास्ट प्रेसिडेंट संगीता गोयल, पुष्पा मालवीय, गीता जेठानी, पूजा जैन, नम्रता दुबे, सोनिया नाथानी, पास्ट सेक्रेटरी प्रज्ञा नायडू, रूबी साओ, सुषमा अग्रवाल, प्रियंका मिश्रा, रुचिता राव तथा सचिव नेहा अग्रवाल सहित क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

गुरुकुल परिवार ने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। क्लब ने भविष्य में भी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के ऐसे प्रकल्प निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।



# एक पेड़ माँ के नाम, वसुंधरा गार्डन में पौधारोपण

**रायपुर, 31 जुलाई।** ग्रीन आर्मी ऑफरायपुर चंगोराभाठा जोन एवं गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी रोड, रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वसुंधरा गार्डन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बड़ी संख्या में नागरिकों, स्वयंसेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद छगन चौबे रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रीन आर्मी ऑफरायपुर के संस्थापक अमिताभ दुबे ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में गुरदीप टुटेजा, आशीष शर्मा, मोनिका बागरेचा, भौमिक जी एवं डॉ. राधिका यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी के सभी जोनों के पदाधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि छगन चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की सराहना करते हुए सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अमिताभ दुबे ने कहा कि ग्रीन आर्मी ऑफरायपुर वर्षों से जनभागीदारी के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक व्यक्ति लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए।

# 1 अगस्त से बिजली के दाम कम करने तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने कांग्रेस करेगी आंदोलन

**रायपुर, 31 जुलाई।** राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिजली के दाम की बढ़ोत्तरी वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने एवं 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना को फिर से शुरू करने के लिए कांग्रेस आंदोलन करने जा रही है।

- » 1 अगस्त को सभी जिलो में पत्रकार वार्ता लेकर बिजली के दाम बढ़ोत्तरी का विरोध किया जायेगा तथा बिजली के बढ़े दाम वापस लिये जाने की मांग की जायेगी।
- » 2 अगस्त से कांग्रेस के कार्यकर्ता स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर से आवेदन भरवा कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करेंगे तथा आम जनता के द्वारा बिजली के दाम बढ़ाने के विरोध में विरोध पत्र भरवायेंगे, बिजली के दाम बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग दो महिने तक करेंगे।
- » दो माह पश्चात जिलों में भरवाये गये फार्म को लेकर प्रदेश भर में हम जिले के बिजली दफ्तर का घेराव करेंगे एवं एकत्रित आवेदन जमा करायेंगे, पावती लेंगे।
- » सभी जिलों में फार्म भरवाने तथा जिले के बिजली दफ्तरों के घेराव के बाद प्राप्त पावती को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि बिजली मंत्री भी है उनके निवास का घेराव करेंगे।
- » भाजपा सरकार ने जुलाई से घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी किया है। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गये है।
- » बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बने हुये है। हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एमपीपीएस) के रूप में बढ़ोत्तरी किया था।



- » भाजपा की सरकार आने के बाद अभी तक 31.23 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ाये गये है। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में किया था, उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी।
- » भाजपा से सरकार नहीं संभल नही रही है। वह केवल जनता पर बोझ डालने का काम करती है।
- » 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के बाद पांच बार बिजली के दाम बढ़ाया जाना जनता पर बोझ है। सरकार का बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बिल के नाम पर लूटने में लगा है।
- » पिछले कुछ महीनों से बिजली के बिल तीन से चार गुना आ रहे है। बिजली के खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है। जबकि उपभोक्ता की सहमति के बिना उसका अनुबंध भार नहीं बढ़ाया जा सकता।
- » स्मार्ट मीटर से खपत बढ़ा कर फिर खपत ज्यादा होने का हवाला देकर अनुबंध भार बढ़ा दिया जा रहा है और एग्रीमेंट से अधिक खपत की बात कर बढ़े अनुबंध भार के आधार पर अर्थदंड जोड़कर बिजली के बिल भेजे जा रहे है।
- » बिजली बिल ज्यादा आने का तीन कारण है। पहला सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिया है। दूसरा बिजली बिल हाफयोजना बंद हो गई। तीसरा स्मार्ट मीटर लगाए गए है जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा जिससे बिल अधिक आ रहा। अडानी की कंपनी के स्मार्ट मीटर लगाये गये है।
- » संसद में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने अप्रैल 2026 में स्पष्ट किया था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी उपभोक्ता पर जबरन नहीं थोपे जा रहे हैं, और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था है और उपभोक्ताओं की सहमति या अनुमति के बिना सामान्य बिजली मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना गैर कानूनी है। छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर जबरिया क्यों लगाया जा रहा है?

# 2 लाख युवाओं व नव-मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने की तैयारी

**रायपुर, 31 जुलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन में युवा साथियों व नव-मतदाताओं को भाजयुमो के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का लक्ष्य लेकर मोर्चा द्वारा आठ वर्षों के बाद पुनः ज्वॉइन बीजेवायएम सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। टिकरिहा ने कहा कि भाजयुमो निःशुल्क सदस्यता अभियान के माध्यम से प्रदेश के नव-मतदाताओं एवं युवाओं को जोड़ रहा है, वहीं कांग्रेस सदस्यता अभियान के नाम पर भी प्रत्येक सदस्य से 75 रुपए सदस्यता शुल्क लेकर लूटने का काम कर रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने गुरुवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि दन्तेवाड़ा में माँ दन्तेश्वरी का आशीर्वाद लेकर बस्तर सम्भाग के दन्तेवाड़ा जिला स्थित बचेली मण्डल से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान बस्तर से इसलिए प्रारंभ किया गया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से बस्तर का विकास हो रहा है। वहाँ पर नक्सलवाद समाप्त हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ निश्चय, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयास से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। दन्तेवाड़ा जिले का बचेली क्षेत्र नक्सल प्रभावित था। बीजापुर के भोपालपटनम व सुकमा के दोरनापाल, जो नक्सलवाद के मामले में अति संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं, में भी मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। नारायणपुर जिले के ओरछा में भी हमने सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को भाजपा की रीति-नीति एवं विचारधारा से अवगत कराया और सदस्यता कराई। टिकरिहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 31 मार्च 2026 के बाद से नक्सली गतिविधियाँ पूरी तरह समाप्त हुई। बस्तर सम्भाग के संवेदनशील क्षेत्र में युवाओं को अधिक-से-अधिक भाजपा की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सदस्यता दिलाने का काम इस अभियान के माध्यम से किया जा रहा है, क्योंकि वहाँ पर पहले शासन-प्रशासन पहुँचा नहीं था।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26